
दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा बुधवार 06 नवंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 441



## संक्षिप्त खबरें ।

### कनाडा में हिंदू श्रद्धालुओं पर हमला: इस मामले पर क्या बोली कांग्रेस? मोदी सरकार से की ये मांग



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कनाडा में एक हिंदू मंदिर में श्रद्धालुओं पर हमले को लेकर सोमवार को चिंता जताई है। कांग्रेस ने सरकार से आग्रह किया कि वह इस विषय को कनाडा की सरकार के समक्ष मजबूती से उठाए ताकि आगे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो।

**भारतीय उच्चायोग ने भी जारी किया बयान:** खालिस्तानी झंडे लिए: प्रदर्शनकारियों की रविवार को कनाडा के ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में लोगों के साथ झड़प हुई। इसके बाद ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने एक कड़ा बयान जारी कर 'भारत विरोधी' तत्वों द्वारा किए गए हमले की निंदा की,।

**मंदिर जाने से कौन रोक रहा है?:** कांग्रेस की ओर से कहा गया कि कनाडा से आए वीडियो को पूरा देश देख रहा है। यहां के लोग परेशान हैं कि कनाडा में कैसे श्रद्धालुओं को मंदिर जाने से रोका जा रहा है? बाहर खालिस्तान समर्थक लोग नारेबाजी कर रहे हैं। हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। कनाडा की पुलिस उलटा श्रद्धालुओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

**मजबूती से पक्ष उठाए सरकार:** इसके साथ ही कांग्रेस ने कहा कि हमारी भारत सरकार से मांग है कि वह इस मामले को कनाडा की सरकार के समक्ष मजबूती से उठाए। सरकार यह सुनिश्चित करे कि आगे ऐसी घटनाएं नहीं हों।

**हिंदुओं में गुस्सा :** बता दें कि देश के लोगों में कनाडा में हिंदुओं पर हुए हमले को लेकर गुस्सा है। पीएम मोदी ने भी इस मामले में प्रतिक्रिया दी है। साथ ही हिंदू संगठनों ने भारत सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

# क्या पीएम नरेन्द्र मोदी को बीच में छोड़ना पड़ेगा पद?

**लोक तंत्र की आवाज़**

### एक ज्योतिषी की भविष्यवाणी के बाद उठने लगे सवाल



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 साल से ज्यादा समय से भारत के प्रधानमंत्री पद पर आसीन हैं। हालांकि तीसरे कार्यकाल के लिए उन्हें पूर्ण बहुमत नहीं मिला है, लेकिन चिंता की भी कोई बात नहीं है। सहयोगी दलों के समर्थन से तीसरे कार्यकाल में भी उनकी सरकार बिना किसी समस्या के चल रही है।

दरअसल, यह सवाल एक ज्योतिषी की भविष्यवाणी के बाद उठने लगा है कि क्या नरेन्द्र मोदी अपना तीसरा कार्यकाल पूरा कर पाएंगे? ज्योतिषी विवेक त्रिपाठी की की मानें तो पीएम मोदी अपना तीसरा कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएंगे। सिग्नेचर एक्सपर्ट त्रिपाठी का मानना है कि नरेन्द्र मोदी को अपना पद तीसरे कार्यकाल के बीच में ही छोड़ना पड़ेगा या फिर किसी कारणवश उनका पद नहीं रहेगा।

**क्या है भविष्यवाणी का आधार :** विवेक त्रिपाठी ने एक पॉडकास्ट में नरेन्द्र मोदी के सिग्नेचर का विश्लेषण करने के बाद यह भविष्यवाणी की है। त्रिपाठी ने चुनाव से पहले भी मोदी को लेकर भविष्यवाणी की थी। उन्होंने कहा था कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनेंगे। त्रिपाठी के मुताबिक मोदी के लिए तीसरे कार्यकाल का ढाई से तीन साल तक का समय अच्छा है, इसके बाद का समय उनके लिए प्रतिकूल हो सकता है। आने वाले समय में क्या होगा, कोई नहीं जानता, लेकिन वर्तमान स्थितियों को देखते हुए पीएम मोदी कहीं से भी कमजोर नजर नहीं आ रहे हैं।

चूंकि केन्द्र में गठबंधन की सरकार है, ऐसे में कोई भी सहयोगी कभी भी रूठ सकता है। बिहार के मुख?यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख?यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भी तभी तक मोदी सरकार के साथ रहेंगे, जब तक कि उनके स्वार्थ पूरे होते रहेंगे, अन्यथा वे अपना समर्थन भी वापस ले सकते हैं। दूसरी ओर, लोग विवेक त्रिपाठी की भविष्यवाणी को गंभीरता से ले रहे हैं। उनकी जिज्ञासा है कि क्या वाकई विवेक की भविष्यवाणी सही साबित होगी?

**भगवंत मान को जाना होगा जेल :** इसी पॉडकास्ट में त्रिपाठी ने पंजाब के मुख?यमंत्री भगवंत मान को लेकर भी भविष्यवाणी की है। उन्होंने दावा किया है कि भगवंत को जेल जाना होगा। उन्हें लंबे समय तक सलाखों के पीछे रहना होगा। विवेक का दावा है कि उन्होंने विराट को लेकर भी सटीक भविष्यवाणी की थी। उन्होंने कहा था कि विराट की पहली संतान बेटी होगी, जबकि दूसरे नंबर पर बेटा होगा। उन्होंने उद्धव ठाकरे की सरकार गिरने का महीना और समय भी बताया था।

## पीएम मोदी की सुरक्षा के मद्देनजर सीएम हेमंत सोरेन के हेलीकॉप्टर के उड़ान भरने में देरी, झामुमो का राष्ट्रपति मुर्मू को पत्र

**लोक तंत्र की आवाज़**



**रांची।** पीएम मोदी की सुरक्षा का प्रोटोकॉल देकर सीएम हेमंत सोरेन के हेलीकॉप्टर को लगभग से डेढ़ से दो घंटे तक रोका गया। इस मामले में अब झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। पार्टी ने उनसे आगामी विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हस्तक्षेप की मांग की है। खटट ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर कहा कि रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के गढ़वा और चाईबासा दौरे के कारण 'नो–फ्लाई जोन' निर्धारित किया गया था।

झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्र में कहा, हमारे स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन दोपहर 1:45 बजे पश्चिमी सिंहभूम के गुदड़ी में एक सभा करने के बाद दोपहर 2:25 बजे सिमडेगा के बाजार टांड़ में एक चुनावी सभा को संबोधित करने वाले थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए दोपहर 2:40 बजे चाईबासा में रहना था।

गुदरी और चाईबासा के बीच की दूरी 80 किलोमीटर है जबकि सिमडेगा की दूरी 90 किलोमीटर है। निर्वाचन आयोग ने सोरेन के दौरे को अपनी मंजूरी दी थी। लेकिन प्रधानमंत्री के सुरक्षा प्रोटोकॉल का हवाला देकर मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर को डेढ़ घंटे तक रोककर रखा गया।

झामुमोप्रवक्ता भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव आयोग जोकि एक संवैधानिक और स्वायत्त संस्था है, उसका कहना है कि सुरक्षा कारणों से 50 किलोमीटर के दायरे में 15 मिनट के लिए 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि सोरेन के हेलीकॉप्टर को डेढ़ घंटे तक उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी गई।

पत्र में कहा गया है, हमारे मुख्यमंत्री आदिवासी समुदाय से आते हैं और बहुत संघर्ष के बाद वे इस पद पर पहुंचे हैं। आप भी आदिवासी समुदाय से हैं और लंबे संघर्ष के बाद देश के सर्वोच्च पद पर पहुंची हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि वे सुनिश्चित करें कि आदिवासी जनप्रतिनिधियों सहित सभी स्टार प्रचारकों को समान संवैधानिक सुरक्षा और सम्मान मिले।

## जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया में खड़े हो कर कनाडा को लगाई लताड़, चरमपंथियों को राजनीतिक स्थान दिया जा रहा

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** कनाडा में हिंदू समुदाय और उनके मंदिरों पर हो रहे हमलों पर अब भारत सरकार ने भी कड़ा रिएक्शन दिया है। कनाडा के ब्रैम्पटन में स्थित हिंदू महासभा मंदिर में खालिस्तानी चरमपंथियों की ओर से हिंसा की गई थी और लोगों पर भी हमला किया गया था। इस मामले में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कड़ा बयान जारी किया था। वहीं, अब भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया में खड़े होकर कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार को लताड़ लगाई है।

**चरमपंथी ताकतों को राजनीतिक स्थान– जयशंकर :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा में हिंदू मंदिरों पर हमले पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कनाडा नें ये घटनाएं दिखाती हैं कि वहां, चरमपंथी ताकतों को कैसे राजनीतिक स्थान दिया जा रहा है। कनाडा की विदेश मंत्री वोंग के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि कनाडा में हिंदू मंदिर में कल जो हुआ वह बेहद चिंताजनक था। उन्होंने कहा कि आपको हमारे आधिकारिक प्रवक्ता का बयान और कल हमारे प्रधानमंत्री की चिंता देखनी चाहिए। इससे आपको पता चल जाएगा कि हम इसके बारे में कितनी गहराई से महसूस करते हैं।


**ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री ने क्या कहा? :** प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री से कैनबरा में हिंदू मंदिरों पर हमलों के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि ये घटनाएं भारतीय समुदाय के लिए परेशान करने वाली हैं। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री ने कहा कि देश में हर कोई अपनी आस्था और संस्कृति की परवाह किए बिना सुरक्षित और सम्मानित होने का हकदार है। लोगों को शांतिपूर्वक विरोध करने का अधिकार है।

### जयशंकर ने रखे तीन प्वाइंट

एस जयशंकर ने पहली बात कही कि कनाडा ने विशेष विवरण दिए बिना आरोप लगाने का एक पैटर्न विकसित किया है। दूसरा कि कनाडा हमारे राजनयिकों को निगरानी में रख रहा है जो अस्वीकार्य है। तीसरा कि हिंदू मंदिर पर हमले और बाकी वीडियो देखें, आपको इससे पता लगेगा कि कनाडा में चरमपंथी ताकतों को कैसा राजनीतिक स्थान दिया गया है।

## हाईकोर्ट ने यूपी मदरसा एक्ट को क्यों माना असंवैधानिक सुप्रीम कोर्ट ने अब कैसे पलटा इस फैसले को?

**लोक तंत्र की आवाज़**




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 पर फैसला सुना दिया है. कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया है जिसमें मदरसा एक्ट को संविधान के विरुद्ध बताया गया था. हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था, जिसको लेकर अब फैसला सुनाया गया है. सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद उत्तर प्रदेश के मदरसों में पढ़ने वाले लाखों छात्रों को राहत मिली है।

यह फैसला चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनाया. पीठ का कहना है कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 पर हाईकोर्ट का निर्णय उचित नहीं था. जानिए क्या है यूपी मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक क्यों बताया था और इससे कितने मदरसों को राहत मिली है.

**क्या है यूपी मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004? :** उत्तर प्रदेश में मदरसे की शिक्षा को व्यवस्थित करने के लिए साल 2004 में यूपी मदरसा एजुकेशन एक्ट बनाया गया. इसमें मदरसे की शिक्षा को अरबी, उर्दू, फारसी, इस्लामी अध्ययन, तिब्ब (पारंपरिक चिकित्सा), दर्शन और अन्य विषयों की शिक्षा के रूप में परिभाषित किया गया. बताया गया कि इस कानून के जरिए मदरसे की शिक्षा के पाठ्यक्रम को व्यवस्थित रूप दिया जा सकेगा. इसके अलावा यहां धार्मिक और सांस्कृतिक अध्ययन के साथ आधुनिक शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

**कैसे कोर्ट पहुंचा मामला, क्यों हाईकोर्ट ने असंवैधानिक बताया? :** अंशुमान सिंह राठौड़ नाम के शख्स ने इस कानून को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की और इस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी. सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने 22 मार्च को फैसला सुनाया और कहा, यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 'असंवैधानिक' है. यह कानून धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने क्यों पलटा हाईकोर्ट का फैसला? ये हैं वो तर्क

यह पूरा मामला हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट पहुंचा. सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए मदरसा एक्ट को असंवैधानिक घोषित किया. सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा एक्ट 2004 के कुछ प्रावधानों को छोड़कर इसकी संवैधानिक वैधता को स्वीकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने तर्क दिया कि मदरसा एक्ट मदरसों के रोजमर्रा कामकाज में हस्तक्षेप नहीं करता. इसका लक्ष्य राज्य में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करना है.

## आदिवासी बाहुल्य इलाकों में झामुमो की रणनीति वोटों में होगा तब्दील

**ग्राउंड रिपोर्ट**

**लोक तंत्र की आवाज़**

**रांची।** झारखंड में चुनावी सरगर्मी जोरों पर है. एनडीए और इंडिया गठबंधन इस चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंके हुए है. सबसे पहले बात करते हैं एनडीए की. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह लगातार भाजपा दिग्गजों के साथ चुनावी मैदान में हैं. कोल्हान, संथाल, परगना, छोटा नागपुर इलाकों में बीजेपी के हर बड़े नेता की जनसभा है. ऐसे में सवाल उठता है कि इंडिया गठबंधन के पास इस रणनीति का क्या जवाब है. इसका जायजा हम लेने पहुंचे रांची के डोरंडा इलाके में. इस इलाके में बीजेपी ने लगातार छह बार से विधायक रहे सीपी सिंह को मैदान में उतारा है. उनके खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्यसभा सांसद महुआ मांझी को अपना कैंडिडेट बनाया है. जाहिर सी बात है कि दो हाई प्रोफाइल कैंडिडेट हैं और वह अपनी अपनी ताकत झोंके हुए हैं. बीजेपी के स्टार प्रचारकों से लबरेज कैंपेन के सामने झारखंड मुक्ति मोर्चा कैसे अपना प्रचार कर रहा है यह हमने समझने की कोशिश की।

शाम 6:00 बजे का वक्त है. महुआ मांझी के समर्थन में कल्पना सोरेन, जोकि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी है, उनको इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में आना था. रांची डोरंडा से करीब 5 किलोमीटर तक का रात के वक्त झारखंड मुक्ति मोर्चा का रोड शो होना है. अचानक उनका प्रोग्राम रद्द हो जाता है. उनकी जगह महुआ मांझी के संग आते हैं झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन. जमानत पर छूटे झारखंड के मुख्यमंत्री सीधे चुनावी कैंपेन की गाड़ी पर आते ही चढ़ जाते हैं और बाइक को आगे बढ़ने का इशारा करते हैं. यह बाइक रैली झारखंड मुक्ति मोर्चा की हो रही है. रात के वक्त रांची के बाहरी इलाकों में यह झारखंड मुक्ति मोर्चा की बाइक रैली है, जिसमें युवाओं से संवाद करने की कोशिश की जा रही है।



भारी भीड़ में हम आगे बढ़ते हैं। हमारा संवाद होता है झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सांसद और इस सीट से भाजपा के दिग्गज सीपी सिंह से लोहा ले रही महुआ मांझी से. महुआ मांझी ने आदिवासियों के लिए सबसे बड़ी हितकारी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा के होने का दावा किया। महुआ मांझी का कहना था कि 'जिस तरीके से विकास के काम हेमंत सोरेन की सरकार ने किए हैं बीजेपी वालों को वह हजम नहीं हो रहा है और इसलिए गलत आरोप में हमारे मुख्यमंत्री को जेल भिजवाया गया. कम से कम बीजेपी आदिवासियों के हित के बारे में बात न करे. मणिपुर में देख लें क्या होता है. यूसीसी के बारे में जो बोला है वह सिर्फ उनका दिखावा भर है. बीजेपी का काम सिर्फ लोगों को बांटना है. इंडिया गठबंधन पूरी तरीके से मजबूत है और मुझे यकीन है कि मैं यह सीट जीतूंगी'.

दरअसल, हेमंत सोरेन के जेल से निकलने के बाद पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान को दो हिस्सों में बांटा गया है. पहला हिस्सा खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पास रखते हैं. दिन के वक्त वह जाते हैं कैंडिडेट का प्रचार करने के लिए।

## सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ बोले: न्यायपालिका की आजादी का मतलब हमेशा सरकार के खिलाफ फैसला देना नहीं

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, चीफ जस्टिस (उखक) डी वाई चंद्रचूड़ ने न्यायपालिका की आजादी पर टिप्पणी की। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायापालिका की आजादी का अर्थ केवल सरकार के खिलाफ फैसले देना नहीं है, बल्कि न्याय के सही संतुलन को बनाए रखना है। सीजेआई 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इसके साथ ही जस्टिस चंद्रचूड़ ने समाज से अपील की कि न्यायपालिका के फैसलों में यकीन रखें।

**न्यायपालिका की स्वतंत्रता का सही अर्थ:** मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मतलब यह नहीं है कि हमेशा सरकार के खिलाफ ही फैसला दिया जाए। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जब उन्होंने चुनावी बॉन्ड स्कीम को असंवैधानिक करार दिया था, तो उन्हें 'बहुत स्वतंत्र' कहा गया था। लेकिन अगर कोई फैसला सरकार के पक्ष में जाता है, तो इसे आजादी की कमी नहीं समझना चाहिए। ज्यूडिशियरी की असल आजादी का मतलब है कि जस्टिस कानून और संविधान के मुताबिक फैसला लें। मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि आज के समाज में सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश की जाती है। उन्होंने कहा कि कई बार लोग यह मानते हैं कि अगर कोई फैसलाउनके पक्ष में नहीं है, तो न्यायाधीश स्वतंत्र नहीं हैं।

**जज कानून के मुताबिक सुनाए फैसला:** मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जहां कानून का तकाजा होता है, वहां सरकार के खिलाफ फैसला लेना जरूरी है। लेकिन अगर कानून कहता है कि फैसला सरकार के पक्ष में होना चाहिए, तो यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता और जिम्मेदारी का हिस्सा है कि वह कानून का पालन करे।

## 10 साल में 2.20 लाख लोगों ने छोड़ी भारत की नागरिकता, सुप्रियो भट्टाचार्य ने दिया बड़ा

**लोक तंत्र की आवाज़**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी. झामुमो नेता ने कहा, 2014 से 2024 के बीच भारत में 2,20,000 लोगों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी और यह आंकड़ा सीधे विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय से लिया गया है. यह गंभीर मुद्दा है, क्योंकि यह दर्शाता है कि लोग अपने देश में असंतोष महसूस कर रहे हैं. संसद में जो बातें कही जाती हैं, उनमें सच्चाई की कमी है. यहां झूठ बोलने का कोई स्थान नहीं होना चाहिए, लेकिन वास्तविकता यह है कि कई वादे किए गए हैं जो पूरे नहीं हुए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि, ₹सरकार ने कई बार सड़क चौड़ीकरण और उद्योगों के विकास का वादा किया है, लेकिन जमीन पर क्या हुआ? क्या वास्तव में कोई बदलाव आया है? झारखंड की स्थिति का आकलन करते हुए, आप यह पूछ रहे हैं कि क्या रोटी बेचने वालों को दी गई पांच एकड़ भूमि का कोई परिणाम निकला? जब सरकार हरियाणा में कहती है कि उसने एक महीने में लाखों युवाओं को नौकरी दी है, तो यह सवाल उठता है कि वह कहां है. अगर न तो कोई विज्ञापन निकला और न ही कोई आवेदन पत्र, तो नौकरी देने का वादा कैसे पूरा हुआ? उन्होंने कहा, आपने देखा होगा कि जब प्रधानमंत्री कार्यक्रम में पहुंचे, तो वहां उपस्थित लोगों की संख्या तेजी से कम होने लगी. यह दर्शाता है कि लोग इन वादों से थक गए हैं और समझते हैं कि उन्हें धोखे में रखा जा रहा है. जब लोग सोचते हैं कि वोट देने का कोई मतलब नहीं, तो वे भाषण सुनने में क्यों दिलचस्पी लेंगे?

उन्होंने कहा, सरकार ने आदिवासियों के अधिकारों की बात की है. लेकिन, क्या वास्तव में उनके धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए कोई ठोस कदम उठाए गए हैं? महिलाओं के लिए 2025 तक 35 प्रतिशत आरक्षण का वादा किया गया था, लेकिन आज तक जनगणना का भी कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया. यह महिलाओं का अपमान है, क्योंकि जो कानून पास किया गया है, उस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## लखनऊ-दिल्ली में सब कुछ ठीक नहीं', अखिलेश यादव ने डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव पर उठाए सवाल

**लोक तंत्र की आवाज़**



**गाजियाबाद ।** उत्तर प्रदेश में डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव पर समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव ने सवाल उठाया है। अखिलेश यादव ने कहा कि यह जो नियम बना है उससे साबित हो रहा है कि लखनऊऔर दिल्ली में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। कहीं ये दिल्ली के हाथ से लगाम अपने हाथ में लेने की कोशिश तो नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा नेता ने कहा कि सरकार के इस फैसले से कई सीनियर आईपीएस अधिकारी निराश हैं।

**सरकार खास अधिकारी को बनानी चाहती है डीजीपी:** डीजीपी को दो साल के कार्यकाल देने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि अपने खासम खास अधिकारी को शीर्ष पद पर बैठाने की तैयारी की जा रही है। जिससे अन्याय किया जा सके। जिससे कानून की धज्जियां उड़ाई जा सके। जिनको खुद का नहीं पता कि वो दो साल रहेंगे या नहीं वे दो साल का नियम बना रहे हैं।

**हार के डर से उपचुनाव की तारीख बदलवाया गया:** उपचुनाव की तारीख बदलने के सवाल पर सपा प्रमुख ने कहा कि बीजेपी को चुनाव हारने की भनक लग गई थी। इसलिए चुनाव की तारीख बदलवा दी। जो लोग दीवाली, भैया दूज और छठ पूजा पर घर आए हुए हैं वे लोग वोटिंग करके सरकार की नींद उड़ाने वाले थे। इसलिए बीजेपी के लोगों ने उपचुनाव की तारीख बदलवा दी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीजेपी के लोग कुछ साजिश में जुटे होंगे।

भाजपा कोई न कोई खास तैयारी कर रही होगी। सरकार पुलिस को आगे की तैयारी कर रहेगी। ये लोग बूथ की पहचान कर रहे होंगे। ये लोग लोगों को वोट नहीं देने देना चाहते। जब तारीख बदलनी ही थी तो पहले भी बदली जा सकती थी। अखिलेश यादव ने इसके अलावा कई अन्य मुद्दों पर भी सरकार को घेरा।

# छठ पर्व को लेकर डीएम-एसपी ने की संयुक्त ब्रीफिंग साफ-सफाई एवं क्राउड कन्ट्रोल का दिए दिशानिर्देश

लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार
**नवादा ।** लोक आस्था छठ पर्व के अवसर पर डीआरडीए सभागार में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में विधि-व्यवस्था से संबंधित ब्रीफिंग की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत चार दिनों तक चलता है जिसका प्रारंभ नहाय खाय दिनांक 05 नवंबर से लेकर 08 नवंबर को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य अर्पित करते हुए छठ व्रत का समापन होगा। इस वर्ष 07 नवंबर को संध्या में व्रतियों के द्वारा नदी घाटों/तालाबों पर डूबते हुए सूर्य को अर्ध्य दिया जायेगा और 08 नवंबर को उगते हुए सूर्य को अर्ध्य अर्पित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु मुख्यतः दो बातों पर विशेष बल देने की आवश्यकता है- पहला स्वच्छता एवं दूसरा भीड़ नियंत्रण। स्वच्छता पर उन्होंने कहा कि सभी घाटों की साफ-सफाई, सौन्दर्यीकरण, शौचालय की व्यवस्था, चेंजिंग रूम, पर्याप्त लाईट की व्यवस्था, घाटों पर ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव, पानी का टैंकर आदि शामिल है। इसके लिए कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि छठ महापर्व में घाटों पर काफी भीड़ रहती है, जिसके लिए यातायात प्लान की सुव्यवस्था, घाटों पर जाने के लिए प्लान, माईकिंग की पर्याप्त व्यवस्था, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को ससमय कार्यस्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया साथ ही लूज बिजली के तारों एवं नंगे तारों को सही से प्रबंधित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पटाखों की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने छठ पर्व को लेकर संबंधित पदाधिकारी पार्किंग की व्यवस्था चिन्हित कर लें एवं नगर में विस्तृत यातायात प्लान बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त आदेश को ठीक से पढ़ लेंगे एवं अक्षरशः पालन करेंगे। वाच टावर की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी ने कहा कि छठ घाटों पर बेरिकेटिंग को लाल रंग के झंडे से चिन्हित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी छठ घाटों पर छठ व्रतियों के लिए सभी प्रकार की आधारभूत सुविधा यथा-साफ-सफाई, चेंजिंग रूम, पेय जल, प्रकाश आदि की व्यवस्था रहेगी। किसी भी छठ व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया गया है। छठ पर्व शांतिपूर्ण एवं सद्भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए संयुक्त आदेश जारी किया गया है। इस अवसर पर जिले के महत्वपूर्ण और अतिमहत्वपूर्ण 324 स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई करें एवं इस प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर उसका ससमय खंडन भी करें। संयुक्तादेश में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को विधि-व्यवस्था संधारण करने और छठ पूजा को शांतिपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में मनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गए हैं। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अपनी प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित होकर व्हाट्सऐप के माध्यम से जिला नियंत्रण कक्ष को सूचित करेंगे।भीड़ में शरारती तथा असमाजिक तत्वों द्वारा महिलाओं के साथ किये जाने वाले छेड़खानी जैसी घटनाओं से निपटने के लिए सादी वर्दी में पुरूष एवं महिला पुलिस कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि अपने प्रखंड और थाना स्तर पर छठ व्रत शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए सभी छठ घाटों की साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे एवं विधि-व्यवस्था पर सतत् निगरानी रखेंगे। छठ महापर्व के अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था की गई है। अफवाह फैलाने वालों पर जिला प्रशासन की पैनी नजर है। सोशल मीडिया पर नियंत्रण के लिए विशेष सेल बनाया गया है जो 24 घंटे का कार्यरत रहेगा। छठ पूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था के संधारण के लिए समाहरणालय, नवादा के सभागार में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है, जिसका दूरभाष नम्बरः- 06324-212261 है। यह नियंत्रण कक्ष 06.11.2024 से कार्य करना प्रारंभ कर देगा और यह कार्य समाप्ति तक संचालित रहेगा। नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में अपर समाहर्त्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी चन्द्रशेखर आजाद रहेंगे। आपात स्थिति में सम्पर्क बनाये रखने हेतु नियंत्रण कक्ष में पालीवार पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है साथ ही नियंत्रण कक्ष में 07 सुरक्षित दण्डाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। नवादा क्षेत्रान्तर्गत 02 अस्थायी नियंत्रण कक्ष (शोभिया पर छठ घाट एवं गढ़पर छठ घाट) में पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया है कि सभी छठ घाटों पर आकस्मिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल टीमों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करेंगे। नदी घाटों/गहरे जलाशयों के किनारे वेरिकेटिंग -सभी छठ घाटों पर श्रद्धालुओं एवं छठ व्रतियों की भारी भीड़ उमड़ती है। बच्चे, महिलाएं एवं अन्य की गहरे तालाबों/जलाशयों में डूबने की आशंका बनी रहती है। छठ व्रत में इस प्रकार की आशंकाओं को दूर करने के लिए गहरे जलाशयों/तालाबों को चिन्हित कर बैरिकेटिंग करने एवं चौकीदारों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली को निर्देशित किया गया है कि भीड़ वाले छठ घाटों पर अतिरिक्त नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था करें। सभी भीड़ वाले छठ घाटों पर विडियोग्राफी एवं सीसीटीवी-कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा/नगर पंचायत एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा कराया जायेगा। सभी अनुमंडल पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के घाटों की विडियोग्राफी की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर/रजौली एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा/रजौली एवं पकरीबरावां को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत विधि-व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभार में रहकर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु भ्रमणशील रहकर सभी आवश्यक एवं एहतियाती कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही किसी भी प्रकार की असमाजिक गतिविधि से अवगत होते हुए उचित कार्रवाई करेंगे। जिले के विधि-व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभार में चन्द्रशेखर आजाद, अपर समाहर्त्ता एवं इमरान परवेज पुलिस उपाधीक्षक (मु0) रहेंगे। सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी/पुलिस पदाधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वे कर्तव्यनिष्ठा तथा कर्मठता के साथ सौंपे गये दायित्वों को निभायेंगे ताकि त्योहार शांतिपूर्वक सम्पन्न हो।





### महत्वपूर्ण नम्बर

1. जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा- 06324-212261
2. पुलिस नियंत्रण कक्ष, नवादा- 06324-212263
3. अनुमंडल नियंत्रण कक्ष, नवादा सदर-06324-212238/6287891486
4. अनुमंडल नियंत्रण कक्ष, रजौली-9431870496
5. स्वास्थ्य विभाग नियंत्रण कक्ष, नवादा-06324-217472/217579
6. स्वास्थ्य विभाग नियंत्रण कक्ष, रजौली-7903777730
7. अग्निशाम नियंत्रण कक्ष, नवादा-06324-212586
8. विद्युत प्रमंडल, नवादा नियंत्रण कक्ष-7033095811
9. विद्युत प्रमंडल, रजौली नियंत्रण कक्ष-7369001361
10. मद्य निषेध नियंत्रण कक्ष, नवादा- 8544424181

## संक्षिप्त खबरें ।

### मंगल बीघा में 14 लाख रुपये की लागत से बने छठ घाट का विधायक ने किया उद्घाटन



**नवादा।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की महिमा और उसकी पवित्रता को देखते हुए मंगलवार को नवादा विधायक विभा देवी ने नवादा नगर समेत आसपास के दर्जनों छठ घाट का निरीक्षण किया और साफ सफाई का जायज लिया। साथ में चल रहे नवादा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि व्रतियों के रास्ते में पड़ने वाले नाले नालियों की सफाई और उसके आसपास ब्लीचिंग पाउडर चुना का छिड़काव आवश्यक है । खास कर शोभ मन्दिर छठ घाट पर दक्षिण नाले की सफाई और टूटे हुए दीवाल की मरम्मति तथा ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव का निर्देश दिया गया। विधायक ने नन्दलाल बिगहा , मस्तानगंज, मिर्जापुर सूर्यमंदिर, बुधौल, मंगर बिगहा, मोती बिगहा एवं अयोध्याधाम आदि छठ घाटों का निरीक्षण किया।इस बीच 14 लाख रूपये के विधायक फंड से नवनिर्मित मंगर बिगहा छठ घाट एवं पहाड़ी चापाकल का उद्घाटन भी विधायक विभा देवी ने की। नव निर्मित छठ घाट का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि अब यहां छठ व्रतियों को काफी सुविधा होगी। क्योंकि पर्याप्त जगह में छठ तालाब का निर्माण हुआ है जिसमे बड़ी संख्या में छठव्रती अर्घ्य दे पाएंगी। मौके पर सुरेन्द्र यादव, शशिभूषण शर्मा, अमित सरकार एवं शम्भू विश्वकर्मा समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

### सिरदला: पुलिस ने 80 लीटर महुआ शराब के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार



प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला
सिरदला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र के हेमजा भारत पहाड़ी के नीचे से 40- 40 लीटर महुआ शराब बोरे में बंद कर माथे पर लेकर दो लोगों के द्वारा दूसरे जगह पहुंचा जा रहा था। जिसे पुलिस ने शराब को जप्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है ।थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान हेमजा भारत गांव निवासी राजकुमार राजवंशी के पुत्र अशोक राजवंशी तथा मुसाफिर सिंह के पुत्र धर्मेंद्र सिंह बताया गया है। जिसे पुलिस ने शराब अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कर दोनों व्यक्ति को व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

### नवादा स्टेशन रोड दुर्गा मंडप के प्रांगण में होगा भव्य जागरण का आयोजन



सुनील कुमार
**नवादा।** छठ पूजा के अवसर पर नवादा स्टेशन रोड दुर्गा मंडप के प्रांगण में भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा , जिसमें पत्रकार गुड्डू सिंह ,रवि रंजन कुमार ,सौरभ कुमार उर्फ बिट्टू, राहुल कुमार ,सोनू कुमार, अनिल पत्रकार, मंगल कुमार ,रवि कुमार, छोटा सोनू ,रोशन कुमार, राकेश कुमार और अन्य सदस्यों के साथ नवादा जिले के जिला पदाधिकारी को आमंत्रण कार्ड देकर उपस्थित होने का निवेदन किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर अनुज सिंह, विशिष्ट अतिथि आरपी साहू, राजू सिंह, नित्यानंद राय, शशि भूषण सिंह , उदय यादव ,पवन यादव ,रवि गुप्ता ,राजेश यादव, संजय यादव, विजय सिनेमा के मालिक संतोष भट्ट, हिसुआ विधायक नीतू सिंह और अन्य सहयोगी रहेंगे उपस्थित । गुड्डू सिंह ने कहा नवादा वासियों से निवेदन है कि पहले अरब के दिन संध्या 6 :00 बजे से जागरण शुरू हो जाएगी। अत: सभी जिले वासियों से निवेदन है कि इस जागरण में उपस्थित हो और भक्ति का पात्र बने।

## 07 नवंबर से 10नवंबर तक लगातार 04 दिन बंद रहेंगे बैंक

लोक तंत्र की आवाज

**मेसकौर (नवादा)।** दिपालवी का पर्व खत्म होने के साथ नवंबर महीने की भी शुरुआत हो गई है। वहीं, अब छठ का पर्व मनाया जाएगा। इस साल छठ पूजा की शुरुआत 05 नवंबर, दिन मंगलवार से हो रही है। 08 नवंबर को सुबह का अर्घ्य दिया जाएगा। इसके बाद व्रत का पारण किया जाएगा। इसी के साथ महापर्व का समापन हो जाएगा।मेसकौर दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के मैनेजर बिनोद कुमार एवं बारत ब्रांच के मैनेजर सत्यनंजय कुमार ने बताया की 7 से 10 नवंबर तक लगातार चार दिनों तक बैंकों में छुट्टियां रहने वाली है। दरअसल, इसका कारण यह है कि त्योहार के बाद दूसरा शनिवार और रविवार। ऐसे में अगर आपको भी बैंक से जुड़े कुछ जरूरी काम है तो समय रहते सारे काम फटाफट निपटा लें। 07 नवंबर 2024, गुरुवार को छठ के चलते बैंकों में छुट्टी रहेगी। 8 नवंबर 2024 शुक्रवार को भी बैंको मे छुट्टी रहेगी। 09 नवंबर 2024, शनिवार को बैंकों की दूसरे शनिवार की छुट्टी रहेगी। 10 नवंबर 2024, रविवार को बैंकों की साप्ताहिक छुट्टी रहेगी। आपके प्रखंड में बैंक बंद है तो आप ड्राफ्ट जमा करना या चेक जमा करने जैसे काम नहीं कर सकते हैं। लेकिन, अन्य बैंक संबंधित काम जैसे- कैश निकालना या लेनदेन करना आदि कर सकते हैं। अळट से डेबिट कार्ड का यूज कर कैश निकाल सकते हैं। जबकि, ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा की मदद से पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं। इसके लिए आपको परेशान नहीं हो पड़ेगा।

## विभा देवी ने किया मंगर बिगहा में नवनिर्मित सूर्य तालाब का उद्घाटन दर्जन भर छठ घाटों का निरिक्षण कर साफ सफाई के दिए निर्देश

लोकतंत्र की आवाज





**नवादा 5 नवंबर ।** सूर्योपासना का लोकपर्व छठ पूजा की महिमा और उसकी पवित्रता को देखते हुए मंगलवार को नवादा विधायक विभा देवी ने नवादा नगर समेत आसपास के दर्जनों छठ घाट का निरीक्षण किया और साफ सफाई का जायज लिया । साथ में चल रहे नवादा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि व्रतियों के रास्ते में पड़ने वाले नाले नालियों की सफाई और उसके आस पास ब्लीचिंग पाउडर चुना का छिड़काव आवश्यक है । खास कर शोभ मन्दिर छठ घाट पर दक्षणि नाले की सफाई और टूटे हुए दीवाल की मरम्मति तथा ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव का निर्देश दिया गया । माननीय विधायक ने आज नन्दलाल बिगहा , मस्तानगंज , मिर्जापुर सूर्यमंदिर , बुधौल , मंगर बिगहा , मोती बिगहा और अयोध्याधाम आदि छठ घाटों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया । इस बीच 14 लाख रूपये के विधायक फंड से नवनिर्मित मंगर बिगहा छठ घाट एवं पहाड़ी चापाकल का उद्घाटन भी माननीय विधायक विभा देवी ने किया । नव निर्मित छठ घाट का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि अब यहां छठ व्रतियों को काफी सुविधा होगी क्योंकि पर्याप्त जगह में छठ तालाब का निर्माण हुआ है जिसमे बड़ी संख्या में छठव्रती अर्घ्य दे पाएंगी । निरीक्षण दौरे में सुरेन्द्र यादव , शशिभूषण शर्मा , अमित सरकार एवं शम्भू विश्वकर्मा समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे जबकि छठघाट उद्घाटन में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मदन यादव , बच्चू यादव , उमेश यादव , रंगीला यादव , कैलाश यादव , सुरेश यादव एवं सुनील ठीकेदार का महत्वपूर्ण योगदान रहा । इन लोगों ने विधायक के इस योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें विकास का पर्याय बताया ।

## अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी की अध्यक्षता में 'जल-जीवन-हरियाली' अन्तर्गत जागरूकता का प्रसार विषय पर परिचर्चा का किया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

● पारिस्थितिकीय संतुलन एवं ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हम सबको प्रतिबद्ध होने की आवश्यकता: डीपीआरओ



आर्यन मोहन
**नवादा।** जिले में मंगलवार को विभागीय निदेशानुसार वरीय प्रभारी पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नवादा, संजय कुमार की अध्यक्षता में सूचना भवन, नवादा के सभागार में ''जल-जीवन-हरियाली अन्तर्गत जागरूकता का प्रसार'' विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नवादा ने कहा कि जल एवं हरियाली के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि बिहार की पारिस्थितिकीय चुनौतियों एवं पर्यावरण में परिवर्तन को देखते हुए सरकार द्वारा जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरूआत की गई। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है। जल है, हरियाली है तभी जीवन है। हम सबको इसके प्रति संवेदनशील तथा तत्पर रहना होगा। सभी क्रियान्वयन विभागों को अपने-अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन करना होगा। जलवायु परिवर्तन एवं उसके बढ़ते दुष्परिणामों को रोकने के लिए जल-जीवन-हरियाली अभियान के सभी अवयवों के प्रति हम सबको प्रतिबद्ध रहना पड़ेगा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस अभियान की सफलता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार ने कहा कि जल-जीवन-हरियाली अभियान पारिस्थितकीय सन्तुलन हेतु बिहार सरकार के द्वारा उठाया गया एक अनूठा पहल है।इसकी सफलता में हमसब को योगदान देना होगा ,मीडिया के माध्यम से जागरूकता फैला कर हमें लोगों की सोच को बदलना होगा ताकि हमारी जीवनशैली पर्यावरण के अनुकूल हो ।उन्होंने कहा कि ऐसी परिचर्चाएं हमेशा होती रहनी चाहिए।परिचर्चा में अपर समाहर्ता,प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी के साथ साथ प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिधि तथा कार्यालय के कर्मी मौजूद थे।

## व्रतियों ने फल्गु नदी में स्नान कर चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान किया शुरू

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा का चार दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार से शुरू हो गया है।जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में छठ महापर्व के प्रथम दिन नहाय- खाय के अवसर पर छठ व्रतियों ने फल्गु नदी, सूर्यकुंड सरोवर, सूर्य पोखरा सहित अन्य पवित्र तालाबों में स्नान कर पूरे नेम निष्ठा और पवित्रता के साथ कद्दू की सब्जी, अरवा चावल का भात, सेंधा नमक, चने की दाल, अगस्त के फूल के पकौड़ी सहित कई अन्य सब्जियों का व्यंजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया और अपने सगे संबंधियों और रिश्तेदारों को भी प्रसाद खिलाया। शहर के पवित्र सूर्यकुंड सरोवर में छठ व्रतियों ने स्नान कर भगवान सूर्य के मंदिर में पूजा- अर्चना की है। और अपने परिवार के सुख-समृद्धि की मंगल कामना की है। फल्गु नदी के देवघाट,सीता कुंड घाट, गदाधर घाट, पंचदेव धाम स्थित रबड़ डैम में छठ व्रतियों ने स्नान-ध्यान कर भगवान सूर्य को जल अर्पित किया। बुधवार को छठव्रती पवित्र जल से मिट्टी के चूल्हे में लोहंडा का प्रसाद बनाएंगी। प्रसाद में खीर, पुरी या रोटी आदि बनाकर भगवान सूर्य को अर्पित करेंगी। इसके साथ ही छठ व्रतियों के 72 घंटे का उपवास शुरू हो जाएगा। गुरुवार को कार्तिक शुक्ल षष्ठी को छठव्रती उपवास कर पवित्र नदी या सरोवर में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को ध्यानमग्न होकर ठेकुआ, पकवान, फल- फूल, नारियल, नींबू- सूथनी, धूप दीप सहित अन्य पूजन सामग्रियों से अर्ध्य अर्पित करेंगे। मौके पर छठव्रती रीना गिरी ने बताया कि छठ महापर्व लोक आस्था का पर्व है। भगवान सूर्य देव हमारे प्रत्यक्ष देवता हैं। घर-परिवार में सुख शांति और समृद्धि के लिए यह पर्व करती हूं। छठ मैया की महिमा अपरंपार है। शुक्रवार को फल्गु नदी के विभिन्न घाटों पर उदयगामी सूर्य को अर्ध्य के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान संपन्न हो जाएगा। इसके बाद छठ व्रती छठ का पारण करेंगी। इधर छठ को लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम के द्वारा छठ घाटों पर विशेष साफ सफाई और रोशनी की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। फल्गु नदी के विभिन्न घाटों एवं तालाब की साफ- सफाई का कार्य अंतिम चरण में है।शहर में छठ गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया है। सूप-दउरा,फल-फूल, धूप- शुद्ध घी अगरबत्ती समेत अन्य पूजन सामग्रियों की अधिक डिमांड देखी जा रही है।सबसे ज्यादा मांग कद्दू और अगस्त के फूल की रही।

## नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू, स्नान के लिए तालाबों एवं नदियों पर लगा व्रतियों का तांता

लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार
नवादा : लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ नहाय खाय के साथ मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। सुबह से ही तमसा (तिलैया)घाट खुरी नदी घाट ,पन्चाने नदी घाट ,धनार्जय नदी घाट समेत तालाबों एवं नहरों पर स्नान करने के लिए छठ व्रतियों का तांता लगा रहा । यह पर्व नवादा के महिला जनप्रतिनिधियों द्वारा भी किया जा रहा है। नवादा के बारिसलीगंज विधायक अरुणा देवी ,हिसुआ विधायक नीतू कुमारी ,पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा पिंकी भारती समेत अन्य जनप्रतिनिधि पूरे श्रद्धा के साथ व्रत रखती है। मान्यता है कि छठी मैया और सूर्यदेव की कृपा से निःसंतान को संतान हो जाती है। असाध्य रोगों से पीड़ित व्यक्ति स्वस्थ्य हो जाते हैं और घर परिवार में खुशियां आती हैं। नहाय खाय के दिन स्नान के बाद व्रती प्रसाद स्वरूप घर में या पूजन स्थल पर चना दाल, कद्दू की सब्जी और चावल (भात) पकाती हैं। पूजन के बाद व्रती स्वयं प्रसाद ग्रहण करेंगी साथ ही घर-परिवार के सदस्यों के बीच व आसपास के लोगों को नहाय खाय के दिन का प्रसाद खिलाया जाता है। यह पकवान शुद्ध और साफ सुथरे व्यवस्था में बनाया जाता है और लहसुन-प्याज का उपयोग नहीं किया जाता है।
मिट्टी या लोहे के चूल्हे पर आम की लकड़ी (जलावन)से छठ में भोजन पकाया जाता है। बता दें कि छठ में स्वच्छता और शुद्धता का काफी ख्याल रखा जाता है। जिले के ग्रामीण और अर्द्ध शहरी इलाके में छठ पर्व के लिए व्रती कई माह पहले से तैयारी में जुट जाती हैं। पर्व में प्रसाद पकाने के लिए ज्यादातर जगहों (गांवों) में स्वयं मिट्टी का चूल्हा बनाती हैं। शहरी क्षेत्र में नये ईंट से भी तात्कालीक चूल्हा बनाया जाता है। विकल्प के तौर पर कई परिवार गैस स्टोव एवं लोहे का चूल्हा का भी उपयोग करते हैं। छठ में प्रसाद या पकवान तैयार करने के लिए परंपरागत बर्तनों व संसाधनों का उपयोग किया जाता है। ज्यादातर घरों में प्रसाद पकाने के लिए कांसा या पीतल के बर्तन का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा मिट्टी का बर्तन भी शुद्ध माना जाता है। वहीं छठ में प्रसाद तैयार के घर में मौजूद (चक्की) आदि को आज भी प्राथमिकता दी जाती है।



**क्या है नहाय-खाय की मान्यता :** छठ महापर्व का पहला दिन नहाय खाय होता है। इस अवसर पर व्रती दिन में एक ही बार प्रसाद ग्रहण करती हैं। इसमें आम की लकड़ी के आग पर परंपरागत तरीके से खाना पकाया जाता है। इसमें चने की दाल, कद्दू और चावल (भात) पकाया जाता है। भोजन पकाने के लिए मिट्टी, कांसा या पीतल के बर्तन का उपयोग किया जाता है। दाल, भात और कद्दू की सब्जी व्रती और उनका परिवार ग्रहण करते हैं। साथ ही इस प्रसाद को ग्रहण करने के लिए दोस्तों और शुभ चिंतकों को आमंत्रित करते हैं।

**क्या है छठ महापर्व :** पौराणिक काल से छठ मनाने की परंपरा है। इसमें छठी मैया और भगवान सूर्यदेव पूजे जाते हैं। माना जाता है कि छठी मैया, भगवान सूर्य की बहन हैं। छठ पर्व के दौरान उगते सूर्य और डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है। यह त्योहार पहले तो बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और नेपाल के सीमावर्ती इलाके में मनाया जाता था, लेकिन आज के समय में यह भारत ही नहीं दुनिया भर के विभिन्न देशों में लोग इसे मनाते हैं।

## मध्य विद्यालय सनपुरा के स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किया छठ का सजीव चित्रण

लोक तंत्र की आवाज

**मेसकौर (नवादा)।** मेसकौर प्रखंड के मध्य विद्यालय सनपुरा में सोमवार को स्कूल के प्रांगण में क्लास छह, सात और आठ के बच्चों ने छठ पर्व का सजीव चित्रण किया। बच्चों की इस प्रस्तुति से टीचर से लेकर उपस्थित सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए। छात्र-छात्राओं ने महापर्व की शुद्धता और कठिन नियमों के साथ निर्जला उपवास की पद्धति को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने दीप, धूप, अगरबती, गोयठा, शुद्ध धी, केले के पेड़ से पूरे स्कूल परिसर को सजाया। जहां श्रद्धा और निष्ठा के साथ सभी विधि विधान का ध्यान रखते हुए छठ महापर्व को प्रदर्शित किया गया। स्कूल परिसर में ही पोखर बनाया गया था।स्कूल के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार चौधरी ने बताया कि छठ महापर्व को लेकर बच्चों को नैतिक शिक्षा का ज्ञान दिया जा रहा है। अगर आपके घर में छठ पूजा होती है। तो आप घर में जाकर इस तरह से ही छठ पर्व को मनाएं। छठ महापर्व को बिहार ही नहीं पूरे देश ओर विदेशों में पूरी निष्ठा और नियम से मनाया जा रहा है। उन्होंने बच्चों को सलाह दी है कि छठ मैया की पूजा करें। छठ मैया की महिमा अपरंपार है। आस पास स्वच्छता रखे।बता दें कि बच्चों और शिक्षकों ने पूरी पवित्रता को ध्यान में रखकर छठ महापर्व को प्रदर्शित किया। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने बच्चों को साफ़ सुथरा करते देखा गया। वहीं, छठ व्रत द्वारा दंडवत भी दिया गया। बच्चों की इस प्रस्तुति ने सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।मौके पर शिक्षक उपेंद्र कुमार, रंजन कुमार, गोपाल शरण, सुनील कुमार, अलका राज, प्रीति कुमारी, संगीता कुमारी, रूपा कुमारी, रेणु कुमारी, निक्की कुमारी, संजय प्रसाद, मनोज कुमार, अर्पणा लोहानी, सईदा खातून, प्रभात कुमार एवं स्कूली छात्र रूपा कुमारी, मोनी कोमल, आकाश, मोनी, खुशबू, सोनाली आदि सभी शिक्षक मौजूद थे।



## संक्षिप्त खबरें ।

### यूपी में शिक्षकों के ट्रांसफर नियम में बदलाव, अब तीन वर्ष की सेवा पर ही शिक्षकों का हो सकेगा तबादला




रत्ना
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) डिग्री कॉलेजों के शिक्षकों के लिए स्थानांतरण नियमों में बदलाव किया गया है। अब तीन साल की सेवा पूरी करने पर स्थानांतरण हो सकेगा पहले यह अवधि पांच साल थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में इस निर्णय पर मुहर लगाई गई। इस निर्णय से प्रदेश के महिला व दिव्यांग शिक्षकों को बड़ी राहत मिलेगी। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में इस महत्वपूर्ण निर्णय पर मुहर लगाई गई। कैबिनेट में कुल 29 प्रस्ताव पेश किए गए और उसमें से 27 प्रस्ताव पास हुए। वक्फ नियमावली व गृह विभाग से संबंधित दो प्रस्ताव पास नहीं हो सके।

### लखनऊ जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस के जनरेटर कोच में लगी आग, मचा हड़कंप

रत्ना
**लखनऊ।** लखनऊ की ओर जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस के जनरेटर कोच में अचानक आग लग गई। रेलवे जंक्शन पर आग को बुझाने का कार्य किया जा रहा है। आग लगने की वजह से ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। फिलहाल यात्रियों के घायल होने की जानकारी सामने नहीं आग लगने की वजह से ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। फिलहाल यात्रियों के घायल होने की जानकारी सामने नहीं आई है।

### संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 12 शिकायत दर्ज, मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण



रिपोर्ट मुकेश सिंह
**नगीना।** तहसील समाधान दिवस में कुल 12 शिकायतें दर्ज हुई मौके पर कुल दो शिकायतों का ही समाधान किया गया। सोमवार को तहसील सभागार में तहसीलदार प्रभा सिंह की अध्यक्षता व नायब तहसीलदार अजब सिंह के संचालन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 12 शिकायतें दर्ज हुई मौके पर कुल 2 शिकायतों का ही निस्तारण किया जा सका इस अवसर पर एडिशनल एसपी ग्रामीण राम अर्ज, सीओ भरत सोनकर, बीडीओ मानवीर सिंह, नायब तहसीलदार राजकुमार सिंह, एसडीओ विधुत रामकेश सिंह, खंड शिक्षाधिकारी इंद्रजीत सिंह, एडीअं पंचायत सुरेंद्र सिंह, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सैना सहित तहसील स्तर के सभी अधिकारी व नगीना सर्किल के सभी थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने घाट की साफ-सफाई तथा सुरक्षा के दृष्टिगत बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए

घनश्याम तिवारी
**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर के साथ कार्तिक पूर्णिमा स्नान तथा छठ पर्व के दृष्टिगत श्रीरामपुर घाट व महावीर घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद,बलिया को घाट की साफ-सफाई के साथ ही आवश्यक व्यवस्थाओं को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए,ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए।

# रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर मौत, बिजनौर में हुए हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल

लोकतंत्र की आवाज़

## मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया



रिपोर्ट जसवीर सिंह
धामपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर की तहसील धामपुर के नूरपुर रोड पर मंगलवार को तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में बाइक पर सवार एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ में मौजूद पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दवाई लेकर लौट रहे थे पिता-पुत्र मिली जानकारी के मुताबिक, धामपुर थाना क्षेत्र के राजा काताजपुर से दवाई लेकर लौट रहे पिता-पुत्र लक्की पुत्र सुबोध और सुबोध पुत्र बलकरण निवासी सप्परसिकों उर्फ खदाना थाना धामपुर अपने 65 वर्षीय पड़ोसी रमेश के साथ बाइक पर थे। नूरपुर रोड पर अचानक रोडवेज बस की टक्कर से तीनों सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी धामपुर में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने रमेश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्र को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।अपर पुलिस अधीक्षक ने जाना हाल, बस जब्त घटना की जानकारी मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) धर्म सिंह मार्छाल और क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह ने सीएचसी धामपुर पहुंचकर घायलों का हाल जाना। सीओ धामपुर सर्वम सिंह ने कहा, ₹तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मारी, जिससे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचाने पर एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया। बस को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# अवध शुगर एंड को जेनरेशन प्लांट का शुभारंभ हवन और पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह
स्योहारा अवध शुगर एंड को जेनरेशन प्लांट का शुभारंभ सोमवार की दोपहर हवन और पूजा अर्चना के साथ किया गया। पंडित राकेश शर्मा, देवदत्त शर्मा, सुशील शर्मा, सुनील शर्मा और विजेंद्र कुमार शर्मा ने पूजा ओर यज्ञ को संपन्न कराया। इस मौके पर यजमान मुकेश मिश्रा फाइनेंस हेड तथा अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह अधिशासी उपाध्यक्ष अशोक मित्तल, प्रोडक्शन उपाध्यक्ष विवेक कांत शर्मा, इंजीनियर विभाग के हेड दिनेश कुमार गन्ना विभाग के अधिशासी उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार, गन्ना विभाग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार केन विभाग, डिस्टीलिटी हेड हेड जे के सिंह, मैनेजर एचआर विवेक श्री वास्तव, राजेश शर्मा आदि के द्वारा पूजा पाठ और यज्ञ कराया गया । संपन्न इस मौके पर कासमपुर पडेया गन्ना फार्म की गन्ने की गाड़ी को कांटे पर तोला गया और किसान जगराम सिंह पुत्र हरदेव सिंह को उपहार दिए गए । साथ ही बैलों की जोड़ी को नई झूल दी गई । इस मौके पर डॉक्टर अभय वीर ढाका वरिष्ठ किसान शोभित जैन, स्योहारा गन्ना समिति स्योहारा के अध्यक्ष सुशील कुमार उर्फ बंटी बीजेपी नेता अनिल कुशवाहा, डॉक्टर विनीत देवरा, चौधरी फहीम उर रहमान भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र सिंह टिकैत, राजीव बिश्नोई , आलोक नागर, रूप सिंह नागर सिरसा, श्याम सिंह अहलावत नियमताबाद, सुरेंद्र सिंह गन्ना समिति अध्यक्ष कांठ वीरेंद्र रहे। चीनी मिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि चीनी मिल द्वारा 5 नवंबर तक का इंडेन भेज दिया गया है। सिंह गुरदासपुर, प्रदीप शर्मा सहकारी गन्ना समिति स्योहारा, महेंद्र मान शेखावत अफजलगढ़ फॉर्म प्रभारी, अध्यक्ष गन्ना समिति अफजलगढ़ मलकीत सिंह, राहुल कुमार चेयरमैन गन्ना समिति चांदपुर, हैरी गुज्जर, ब्रजपाल सिंह, वीर सिंह राणा सहित सैकड़ों किसान और गणमान्य नागरिक मौजूद।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले का यूपी के 16 हजार मदरसों पर कैसा रहेगा असर? यहां समझें पूरा मामला



लोक तंत्र की आवाज

रत्ना
**लखनऊ।**सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम को खारिज कर दिया था और राज्य से विद्यार्थियों को अन्य स्कूलों में ट्रांसफर करने को कहा था। यूपी में करीब 16 हजार मदरसे हैं जिनमें कुल 13.57 लाख छात्र हैं। कुल मदरसों में 560 अनुदानति मदरसे हैं जहां 9500 शिक्षक कार्यरतयूपी में करीब 16 हजार मदरसे हैं, जिनमें कुल 13.57 लाख छात्र हैं। कुल मदरसों में 560 अनुदानति मदरसे हैं, जहां 9,500 शिक्षक कार्यरत हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यूपी के 16 हजार से ज्यादा मदरसों के करीब 13 लाख छात्रों पर असर पड़ेगा। कोर्ट के फैसले के बाद अब ये मदरसे सुचारु रूप से चलते रहेंगे।

# बिजनौर में शादी समारोह में युवती ने काटा हंगामा

लोकतंत्र की आवाज़



रिपोर्ट जसवीर सिंह
**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनोर की तहसील बिजनोर में ऐसे मामले अक्सर सुनने को मिलते ही रहते हैं लेकिन यह मामला सच ही हो गया बिजनौर के अफजलगढ़ इलाके में एक शादी समारोह उस समय हंगामा मे बदल गया ज़ब एक महिला ने शादी समारोह में पहुंचकर जमकर हंगामा काटा। महिला का आरोप है कि उसका रिश्ता दो साल पहले युवक के साथ तय हुआ था, शादी से पहले वह सऊदी अरब चला गया था। रिश्ता तय होने के बाद युवक ने दूसरी जगह शादी कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया और मामले की जांच में जुट गई।दरअसल पूरा मामला बिजनौर के अफजलगढ़ थाना क्षेत्र का है। जहां के मोहल्ला जैनुल आबेदीन के रहने वाले इलियासअहमद ने अपने बेटे मोहम्मद शमशाद का रिश्ता दो साल पहले गांव शेरगढ़ निवासी समीम अहमद की बेटी समरीन जहां के साथ तय किया था। शादी से दो दिन पहले चला गया विदेश दुल्हन पक्ष शादी की तैयारी पूरी कर बारात की व्यवस्था में लग गया था। शादी से दो दिन पहले दुल्हा मोहम्मद शमशाद अपने परिजनों को बिना बताए विदेश चला गया। इसके बाद लड़की पक्ष और लड़के पक्ष के बीच में मुकदमे बाजी शुरू हो गई थी। कुछ दिनों बाद दोनों पक्षों का क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों ने समझौता करा दिया था। लेकिन लड़की पक्ष ने समझौता मानने से इनकार कर दिया था।लड़की पक्ष और लड़के पक्ष के बीच आज भी न्यायालय में मुकदमे विचाराधीन है। लड़के के पिता इलियास अहमद ने दो साल बाद अपने बेटे मोहम्मद शमशाद का रिश्ता नगर के मोहल्ला जैनुल आबेदीन निवासी समी अहमद की पुत्री शाहीन के साथ तय कर दिया था। 4 दिन पहले लड़के मोहम्मद शमशाद का निकाह शाहीन के साथ हो गया था। दुल्हन के विदाई की चल रही थी तैयारी रविवार को नगर के एक बैंकेट हाल में दुल्हन शाहीन परवीन की विदाई की तैयारी चल रही थी। इस दौरान अचानक दुल्हे के मंच पर एक बुरखे में युवती समरीन जहां ने हंगामा शुरू कर दूल्हे के साथ कहासुनी शुरू कर मारपीट पर उतारू हो गई। अचानक दुल्हे के साथ एक युवती द्वारा मारपीट की घटना से बैंकट हाल में अफरातफरी मच गई। जिसमें दुल्हे के साथ मारपीट करने वाली समरीन जहां घायल हो गई।काफी देर तक चले हंगामे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला को शांत कराया। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देने की बात कही है। उधर थानाध्यक्ष योगेश चौधरी ने कहा कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय महापर्व आज से शुरू, लखनऊ में इन स्थानों पर होगी पूजा

लोक तंत्र की आवाज




रत्ना
**लखनऊ।** छठ पूजा 2024 की शुरुआत मंगलवार से नहाय-खाय के साथ हो रही है। लखनऊ में इस महापर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। लक्ष्मण मेला स्थल पर मुख्य आयोजन सात नवंबर को होगा। इस दिन शाम पांच बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छठोत्सव का शुभारंभ करेंगे। पूजा में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कृषि मंत्री शिव प्रताप शाही समेत कई मंत्री व विधायक शामिल होंगे।अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने बताया कि लक्ष्मण मेला स्थल पर मुख्य आयोजन सात को होगा। इस दिन यहां शाम पांच बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छठोत्सव का शुभारंभ करेंगे। पूजा में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि मंत्री शिव प्रताप शाही समेत कई मंत्री व विधायक शामिल होंगे। घाट पर व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी भगवान दिनकर को अर्घ्य देंगी। अगले दिन आठ नवंबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। समाज की ओर से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर सात नवंबर को छठ पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की गई है। पूजा में पुरुषों को पारंपरिक परिधान कुर्ता-धोती और महिलाओं को साड़ी पहनकर आने की अपील की गई है।

# बिजनौर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर यातायात रैली को किया रवाना

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट मुकेश सिंह
बिजनौर, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने यातायात रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और यातायात माह नवम्बर-24 का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने जनपद वासियों को वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। पुलिस लाइन में जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल एवं पुलिस अद्यीक्षक अभिषेक झा द्वारा यातायात रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। रैली में यातायात पुलिस के साथ एनसीसी कैडेट्स व स्कूली बच्चों द्वारा स्लोगन, पोस्टर तथा बैनर के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव बाजपेई, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज व पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे । ठस अवसर पर डीएम व एसपी ने जनपद वासियों से वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने का आहवान किया।

# बिजनौर में उधार के पैसे को लेकर सिपाही और पत्नी ने दुकानदार की बेटी को पीटा, मुकदमा दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट राजेन्द्र चौहान
बिजनौर: पुलिस में सिपाही और उसकी पत्नी ने उधार के पैसे मांगने पर किराना दुकानदार की बेटी के साथ बेरहमी से मारपीट की। यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।पीड़िता ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी सिपाही और उसकी पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला बिजनौर के साकेत कॉलोनी का है, जहां हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने किराना और डेयरी की दुकान खोल रखी है। उसी कॉलोनी में सिपाही अंकित अपने परिवार के साथ किराए पर रहता है। बताया जा रहा है कि सोमवार को दुकानदार अपनी दुकान छोड़कर दवाई लेने देहरादून गए थे, और उनकी गैर-मौजूदगी में उनकी बेटी दुकान संभाल रही थी। उधारी चुकाने के लिए कॉल किया, जवाब में मिली मारपीट दुकानदार की बेटी ने बताया कि सिपाही पर करीब साढ़े 4 हजार रुपए का उधार हो गया था। बार-बार कहने के बाद दीपावली के आसपास उसने 2,000 रुपए चुकाए थे, लेकिन अब भी ढाई हजार रुपए बाकी थे। सोमवार को सिपाही की पत्नी को उधारी चुकाने के लिए फोन करने पर, सिपाही अंकित और उसकी पत्नी दुकान पर आ धमके और दोनों ने मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट की।



# तारीख बदलने पर सपा-भाजपा के बीच वार-पलटवार, अखिलेश ने कहा टालेंगे तो...., केशव बोले- ये साइकिल पंचर होने का दुख

लोक तंत्र की आवाज



रत्ना
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव की तिथि में एक सप्ताह की देरी के चुनाव आयोग के फैसले के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस फैसले पर भाजपा पर हमला बोला जबकि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने सपा की आलोचना की। इस पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा मुखिया श्री अखिलेश यादव का तिथि परिवर्तन पर दुखी होना ...वाह ! यह वही दुख है जो साइकिल पंचर होने पर होता है। वहीं, भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि सपा के लिए पराजय एक सप्ताह और खिसकी है। सपा के लिए अवसर है कि एक हफ्ते में अपने पराजय का मार्जिन कैसे कम कर सके? भाजपा चुनाव के लिए तैयार।

## संक्षिप्त खबरें ।

### केसरियाः छठ महापर्व को लेकर जरूरतमंदों के बीच पूजन समाग्री एवं साड़ी का वितरण किया गया



मोतिहारीः केसरिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज खिजिरपुरा बेनीपुर वार्ड नंबर 1 से 5 तक सोमवार को जरूरतमंदों के बीच छठ पूजा के अवसर पर साड़ी और पूजा सामग्री बांटा गया। इस कार्य को लेकर चंदेश्वर प्रसाद यादव के द्वारा वितरण किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि मनवाता सेवा करना हमारा परम धर्म है। इस कार्यक्रम के मौके पर मौजूद पंचायत समिति धर्मेंद्र यादव, हरिकिशोर प्रसाद, रोहित पटेल रवींद्र यादव, राजू यादव, रौशन कुमार, विवेक कुमार, रोहित मांझी, अभिषेक कुमार एवं वार्ड सदस्य संतोष समेत कई अन्य लोग मौजूद थें। साथ ही उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापन दिया है।

### केसरिया के मोहित कुमार बनाए गए लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के लोकसभा प्रभारी



बधाई देने वालों की लगा तांता। पूर्वी चम्पारणः केसरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर पंचायत के मोहित कुमार को लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के पूर्वी चंपारण जिला के लोकसभा प्रभारी बनाए गए हैं। बताते चलें की मोहित कुमार बहुत ही कर्मठ ईमानदार, सहनशील व्यक्ति हैं। जो की आएं दिन इनकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। जिसको देखते हुए इनको हर ऊंचाईयों की बुलंदियां छू रही है। तों वही बधाई देने में हरियाणा के मुख्यमंत्री नयन सिंह सैनी, अनुरोध भगत उप प्रमुख धीरेंद्र कुमार सिंह, सुरेश भगत, महेश्वर भगत, पप्पू कुशवाहा इत्यादि।

### आग में जलने से दो गाय और एक बिछड़े के साथ घर सम्पत्ति जलकर राख

चनपटिया प्रखंड के जैतिया पंचायत के ग्राम मौजे जैतिया वार्ड नंबर 14 के जितेंद्र पांडे के घर रात खाना खाने के बाद घर के सारे सदस्य सो गए, रात के तकरीबन 1 बजे के बीच अचानक घर में आग लग गई, आग लगने के बाद गांव के निवासी शंभू यादव घर से बाहर निकले तो अचानक उनकी नजर आग के लपटो पर पड़ी तो चिलाना शुरू किया मौके पे गांव के ग्रामीण लोगों पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास कलने लगे लेकिन आग काबू में नहीं हुआ तो फिर फायरब्रिगेड को फोन किया गया , फोन करने के बाद फायरब्रिगेड की एक छोटी गाड़ी आई लेकीन छोटी गाड़ी से जब आग पे काबू नहीं हुआ तो फिर फायरब्रिगेड की बड़ी गाड़ी को बुलाया गया उसके बाद धीरे धीरे आग काबू पाया गया उसी बीच गांव लोगो ने घर का ताला तोड़ अंदर देखा तो वहा दो गाय एक बछड़ा पांच बोरा खादर लकड़ी समेत घर की सम्मति जलकर राख हो चुकी थी।

### टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली का जन्मदिन

मधुबनी सूरज यादव

आज (5 नवंबर) 36 साल के हो गए. किंग कोहली का शुमार दुनिया के महानतम बल्लेबाजों में किया जाता है. कोहली ने बल्ले से कई यादगार पारियां खेलीं हैं, जो फैन्स के जेहन में बस चुकी है. कोहली क्रिकेट वर्ल्ड कप (2011) और टी20 वर्ल्ड कप (2024) में भारतीय टीम का पार्ट रह चुके हैं. कोहली ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भाग लिया था, जहां उनका प्रदर्शन खराब रहा था. कोहली अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बल्ले से धांसू प्रदर्शन करना चाहेंगे, जो 22 नवंबर से शुरू हो रही है 1. विराट कोहली के नेतृत्व में भारतीय अंडर-19 टीम ने 2008 में विश्व कप जीता था. यह टूर्नामेंट मलेशिया में खेला गया था. इस शानदार प्रदर्शन के बाद कोहली ने पीछे मुड़कर नहीं देखा ।

# बगहा : छठ पूजा समिति के द्वारा छोटकी पट्टी बडगांव छठ घाट पर पूजा की तैयारी शुरू

लोकतंत्र की आवाज

**बगहा ।** पुलिस जिला के बगहा के छोटकी पट्टी बडगांव छठ घाट की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता। छठ पूजा समिति के सदस्य छठ पूजा घाटों को छठ व्रतियों के लिए बनाने की तैयारी में लग गए हैं। इसी क्रम मे छठ घाट पर पूजा समिति सदस्यों द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। सदस्यों द्वारा छठ घाट को समतल करने सहित घाट की साफ सफाई में लग गए हैं। तो वही अर्घ्य देने के लिए नदी घाटों को भी सही करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस विषय पर जानकारी देते हुए पूजा समिति के सदस्य बबलू सिंह ,रिंकू तिवारी ,अमित मिश्रा, शंभू दास, जयप्रकाश सिंह आदि लोगों ने बताया की छठ पूजा समिति सदस्यों सहित स्थानीय लोगो के द्वारा छठ घाटों की तैयारियों में काफी सहायता की जा रही है। अभी छठ घाट को समतल करने एवं घाट की साफ सफाई की जा रही है। इसके अलावे छठ व्रतियों को पानी मे अर्घ्य देने में कोई कठिनाई नहीं हो के मद्देनजर घाटों को पानी के भीतर बांस बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग करने, बैरिकेडिंग की भी व्यवस्था रहेगी। घाट पर बिजली की पर्याप्त व्यवस्था भी होगी। साथ हीं घाट पर मेडिकल टीम के रहने की भी व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया की प्रशासन के गाईड लाइन को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां की जा रही है। असामाजिक तत्वों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। बिहार की राजधानी पटना के बाद बगहा मे छठ घाट पर ही उस तरह की भीड़ देखने को मिलती है। मौके पर पूजा समिति के सदस्य बबलू सिंह ,रिंकू तिवारी ,अमित मिश्रा, शंभू दास, जयप्रकाश सिंह समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

छठ पूजा समिति के सदस्य छठ पूजा घाटों को छठ व्रतियों के लिए बनाने की तैयारी में लग गए हैं।



### बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य पथ पर तेंदुआ देख हुए रोमांचित, वीटीआर भ्रमण पर आए पर्यटक



लोकतंत्र की आवाज

**बगहा।** सोमवार की रात एक रोमांचक घटना हुई, जिसने यहां आए पर्यटकों को अभूतपूर्व अनुभव हुआ। भेड़िहारी कंपार्ट के पास वाल्मीकि नगर-बगहा मुख्य सड़क पर एक तेंदुआ अचानक सामने आ गया, और सड़क पार करने लगा। इस दुर्लभ दृश्य को देखकर पर्यटक रोमांचित हो गए। पर्यटकों ने इस घटना का वीडियो बनाया, जो अब इन्टरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीटीआर भ्रमण कर वापस जा रहे कुशीनगर के रामशंकर दूबे, आशीष कुमार दुबे और बगहा से वाल्मीकिनगर आ रहे मनमोहन कुमार ने बताया कि इस दृश्य को देखकर मन काफी रोमांचित हुआ, लेकिन कुछ देर तक मन में भय का माहौल बना रहा। तेंदुआ जंगल से निकलकर बीच सड़क पर खड़ा होकर हम लोगों से लगभग 5 मिनट तक नजर से नजरें मिलाता रहा। उसके बाद स्वयं ही जंगल के अंदर चला गया जिसे देखकर मन प्रफुल्लित हो गया। वहीं छोटे-छोटे बच्चे भयभीत होकर वाहन में दुबके रहे। तेंदुए और बाघों की संख्या में हुई है इजाफा-ःवाल्मीकि टाइगर रिजर्व बिहार का एकमात्र टाइगर रिजर्व है, यहाँ पिछले कुछ वर्षों में बाघों और तेंदुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। लगभग 60 की संख्या में पहुंची बाघों की संख्या के बाद तेंदुए की संख्या में भी काफी इजाफा हुआ है। वन विभाग और संरक्षण कार्यक्रमों के प्रयासों से यहां का पर्यावरण जंगली जानवरों के लिए और अधिक सुरक्षित व अनुकूल बन गया है। यह वृद्धि वन्यजीव प्रेमियों के लिए उत्साहजनक है, क्योंकि यह इस क्षेत्र के जैव विविधता संरक्षण को तेजी से बढ़ा है। वन विभाग के वाल्मीकि नगर के रेंजर शिव कुमार राम ने कहा वन्यजीवों से अनावश्यक निकटता पर्यटकों के लिए खतरनाक हो सकती है। सभी से अपील है कि वे सड़क पर वाहन चलाते समय सतर्क रहें और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखें।

### पीएचसी से गायब रहने का चिकित्सक पर लगा आरोप



लोकतंत्र की आवाज

**बगहा।** शहरी पीएचसी में सेवा दे रहे डॉ. धर्मेंद्र कुमार पर बगैर सुचना पीएचसी से गैरहाजिर रहने का आरोप लगा है। उनके अनुपस्थिति में रामपुर स्थित एचडब्ल्यूसी के चिकित्सक डॉ. जितेंद्र कुमार फिलहाल शहरी पीएचसी में सेवा दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश सिंह नीरज के द्वारा इसकी सुचना एसडीएम बगहा तथा सीएस बेतिया को दी गई है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश सिंह नीरज ने बताया कि शहरी पीएचसी में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सुचना प्राप्त हुआ कि चिकित्सक नहीं आये है जबकि मरीजों की कतार लगी हुई है। सुचना पर मै स्वयं पीएचसी पहुंचकर मरीजों का इलाज किया। इस दौरान रामपुर एचडब्ल्यूसी से डॉ. जितेंद्र कुमार को बुलाया गया। जिनके द्वारा पूरे दिन शहरी पीएचसी में मरिजो की इलाज की गई। प्रभारी ने बताया कि इसकी सुचना मौखिक रुप से अनुमंडल पदाधिकारी महोदय तथा सीएस महोदय को दी गई है। वहीं इस मामले में डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने दूरभाष पर बताया कि शहरी पीएचसी का मैं प्रभारी हूं तथा डॉ. राजेश सिंह स्वास्थ्य केंद्र हरनाटांड के प्रभारी हैं वे हमारे प्रभारी नहीं हैं। मै अपनी छुट्टी का पत्र सीएस के नाम लिखकर आया हूं।

### रमेश पासवान बने वेटरन शतरंज के विजेता उन्होंने सात चक्र में कुल 5 अंक बनाएं और वेटरन केटेगरी में पहला स्थान हासिल किया

लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**

इसी महीने रमेश पासवान को अंतर्राष्ट्रीय रेटेड शतरंज खिलाड़ी बने हैं ।सुमेज्यों चेस क्लब दरभंगा के द्वारा आयोजित एक दिवसीय मोहन मिश्रा रैपिड शतरंज प्रतियोगिता जो 4 नवम्बर सोमवार को आयोजन हुआ । इस प्रतियोगिता में पश्चिम चंपारण जिला सहित बिहार के 17 जिला, मुंबई और दिल्ली से कुल 128 के शतरंज खिलाड़ी ने भाग लिया। जिसमें पश्चिम चंपारण के नरकटियागंज के रमेश पासवान 7 चक्रों के मैच कुल 5 अंक बनाये और वेटरन आयु 50 साल के ऊपर के केटेगरी में विजेता बने हैं ।इस प्रतियोगिता में रजनी रंजन तिवारी, विकास माथा, शातवेक संग्राम, प्रिंस राज और विश्वास सिंह से जीत दर्ज किए और पीयूष कुमार, सौरभ कुमार से हार का सामना करना पड़ा। इस प्रतियोगिता के अतिथियों में प्रतियोगिता के अध्यक्ष किशोर झा प्रतियोगिता के सचिव साकेत कुमार प्रतियोगिता के निर्देशक सुशांत अखिल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त सचिव शिवप्रिय भारद्वाज के द्वारा रमेश पासवांन को ट्रॉफी, एक हज़ार रुपया कैश और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। उधर रमेश पासवान को विजेता बनने पर चंपारण शतरंज अकादेमी के संस्थापक सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन, निर्देशक नवीन जायसवाल , मुख्य संरक्षक डॉ मोहम्मद गुलजार मनीष कुमार, आयुष कुमार आदि खेल प्रेमियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।



## मोतिहारीः सड़क दुर्घटना में घायल दामाद को देखने गए अधिवक्ता पर कातिलाना हमला गम्भीर रूप से घायल

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** कोटवा थानाक्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 स्थित कदम चौक के समीप अपने दामाद के सड़क दुर्घटना की खबर सुन कोटवा गए अधिवक्ता पर बदमाशों ने हमला कर दिया।बदमाशों ने चाकू से सर पर हमला किया।फिर गिर जाने पर लात घुसा से जमकर पीटा।घायल अधिवक्ता उमेश कुमार तिवारी ने थाना में दो लोगों के खिलाफ उन पर कातिलाना हमला कर घायल करने के खिलाफ आवेदन दिया है।थाना में दिए आवेदन में घायल अधिवक्ता उमेश टिहरी ने आरोप लगाया है कि उन्हें अपने दामाद का फोन आया कि उनकी वैगनआर गाड़ी में पीछे से दो बाइक सवार ने ठोकर मार दिया जिससे गाड़ी छतिग्रस्त हो गई है।सूचना पर जब वे कोटवा स्थित घटना स्थल पर पहुंचे तो उन्होंने बाइक सवार से पूछ की गाड़ी में घक्का क्यों मारे।उसी पर दोनों पिपरा कोठी थानाक्षेत्र के पंडितपुर निवासी दीपक कुमार और रामराज कुमार जो शराब के नशे में चूर थे चाकू से उनके सर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।घायल अवस्था मे उनके गिरते ही दोनों लात से पेट पेडू आदि जगहों पर मारने लगे।बाद में स्थानीय लोगों ने कोटवा स्वास्थ केन्द्र मे भर्ती कराया जहां से उन्हें सदर अस्ताल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष राजरूप राय ने बताया कि आवेदन मिला है।जांच कर प्राथमिकी दर्ज की जारही है।



## बगहा अनुमंडलीय अस्पताल लगातार तीसरी बार हुआ टॉप

लोकतंत्र की आवाज

**बगहा ।** अक्टूबर माह में 4 हजार 474 मरीज का हुआ निबंधन और सफल उपचार - अनुमण्डलीय अस्पताल मे मरीजों को मिल रहीं हैं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं अनुमंडलीय अस्पताल बगहा लगातार तीसरी बार पूरे बिहार में प्रथम स्थान पर आया है। जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि जिले के अन्य संस्थानों को भी बेहतर कार्य करना चाहिए ताकि जिले का स्थान बेहतर हो सके। उन्होंने बताया कि डॉ ए के तिवारी के निर्देशन में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने भव्या ऑनलाइन कंस्ल्टेशन में बेहतर कार्य किया है। अनुमण्डलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ तिवारी ने बताया कि अक्टूबर माह में 04 हजार 474 मरीजों का भव्या पोर्टल पर निबंधन हुआ। इसमें कंसलटेंसन 4474, वाईटल टेकेन 4463, ऑनलाइन कंसल्ट 100 प्रतिशत, फैसिलिटी परफॉरमेंस 99.9 प्रतिशत के साथ भव्या का उपयोग 100 प्रतिशत हुआ। इसमें स्वास्थ्य कर्मियों का बेहतर योगदान हुआ। उन्होंने बताया कि अस्पताल में सिजेरियन के साथ कई प्रकार की बीमारियों की जाँच व इलाज की सुविधा मुहय्या कराई जा रही है जिससे मरीजों का अब रुझान बढ़ा है। भव्या पोर्टल से निबंधन करते हुए स्वास्थ्य कर्मी मरीजों को जागरूक करते हैं।- आमलोगो को भव्या पोर्टल की जानकारी होनी चाहिए ः- सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने कहा कि आमलोगों को भव्या पोर्टल की जानकारी होनी जरूरी है। उन्होंने बताया कि पोर्टल के माध्यम से इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र आए रोगियों की इलाज का पूरा ब्योरा डॉक्टर द्वारा ऑनलाइन किया जाता है। रोगियों को साथ में किसी तरह का पुर्जा या जांच रिपोर्ट लेकर इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता है। इसके बाद वे अपनी सुविधा के अनुसार राज्य के किसी भी अस्पताल में अपना पेपरलेस इलाज करवा सकते हैं। इसमें उन्हें दी गयी दवाएं, पूर्व की बीमारी की केस हिस्ट्री, जांच रिपोर्ट व अन्य जानकारियां दर्ज रहती हैं। इसके लिए रोगियों का एक यूनिक आईडी भी रहता है। इस आईडी के माध्यम से डॉक्टर मरीज की पूरी केस हिस्ट्री की जानकारी ले सकते हैं। यहां तक कि इलाज के बाद दवा लेने के लिए भी रोगी को पुर्जा ले जाने की जरूरत नहीं पड़ती है।



## मोतिहारीः सुगौली चीनी मिल में गन्ना पेराई सत्र की शुरुआत, 50 लाख कुंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारी।** सुगौली चीनी मिल में 2024-25 गन्ना पेराई सत्र का उद्घाटन मोतिहारी के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर चीनी मिल के उप महाप्रबंधक (गन्ना) शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने पेराई यंत्रों, तौल सेतुओं और गन्ना लाने वाले किसानों, गाड़ीवानों तथा बैलों की विधिवत पूजा कर शुभारंभ किया। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन किरन, अंचलाधिकारी कुंदन कुमार और कई जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।सत्र के लिए मिल प्रबंधन ने 50 लाख कुंतल गन्ने की पेराई का लक्ष्य रखा है, जिसे अगले 150 दिनों में पूरा करने की योजना है। महाप्रबंधक विजय कुमार दीक्षित ने बताया कि नौ नवंबर से मिल का परिचालन शुरू हो जाएगा, जिससे किसानों को गन्ना आपूर्ति का लाभ समय पर मिल सकेगा। सत्र के समय पर प्रारंभ होने से किसानों में उत्साह का माहौल है, क्योंकि वे गन्ना कटाई के बाद अपने खेतों को जल्दी खाली कर आलू, दलहन और तिलहन जैसी रबी फसलों की खेती कर सकेंगे।दीक्षित ने बताया कि इस साल भी चीनी मिल पहले जैसें सुविधा सुनिश्चित किया जाएगा।



## मारपीट कर सोने की चैन मोबाइल व पैसा छीनने के मामले में बाल्मीकि नगर थाने में प्राथमिक दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

**बगहा ।** पुलिस जिले के मंगलपुर गांव निवासी मणि भूषण मिश्रा उर्फ आशू मिश्रा ने वाल्मीकि नगर थाने में आवेदन देकर चार नामजद और लगभग 12 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मारपीट करने, सोने की चेन छीन लेने, ? 20 हजार रुपए पॉकेट से निकाल लेने, और मोबाइल छीन लेने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने अपने आवेदन में लिखा है कि रविवार की सुबह गंडक बराज के निकट कस्टम कार्यालय के पास नेपाल की तरफ से आते समय पूर्व से घात लगाकर बैठे बनवारी, सतन, रंजन और जीतन सभी के पिता नामालूम के अलावा लगभग एक दर्जन अपराधियों ने उन्हें रोक कर हथियार का भय दिखाकर उनके साथ मारपीट की। जिसमें उनका हाथ टूट गया। उनके गले से ?1 लाख रुपए मूल्य का सोने का चैन और पॉकेट से मोबाइल के अलावा ?20 हजार नगद छीन लिया । इस विषय पर पूछे जाने पर वाल्मीकि नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 105 / 24 दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। निकाल लेने, और मोबाइल छीन लेने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। उसने अपने आवेदन में लिखा है कि रविवार की सुबह गंडक बराज के निकट कस्टम कार्यालय के पास नेपाल की तरफ से आते समय पूर्व से घात लगाकर बैठे बनवारी, सतन, रंजन और जीतन सभी के पिता नामालूम के अलावा लगभग एक दर्जन अपराधियों ने उन्हें रोक कर हथियार का भय दिखाकर उनके साथ मारपीट की। जिसमें उनका हाथ टूट गया। उनके गले से ?1 लाख रुपए मूल्य का सोने का चैन और पॉकेट से मोबाइल के अलावा ?20 हजार नगद छीन लिया । इस बाबत पूछे जाने पर वाल्मीकि नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 105 / 24 दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



## संक्षिप्त खबरें ।

### 1600 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करने का लिया गया निर्णय

मोरवा/समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र के सारंगपुर पश्चिमी पंचायत में देसी फिजिकल अकैडमी की बैठक आयोजित कर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आगामी 12 नवंबर को सुबह करीब पांच वजे से 1600 मीटर की दौड़ की प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आयोजक मनोज कुमार राम ने बताया कि, चुने हुए प्रतिभागियों का फाइनल राउंड 600 मी का होगा। दौड़ प्रतियोगिता में सफल प्रथम से 10 तक सभी को पुरस्कार मेडल एवं सम्मान पत्र देने का निर्णय लिया गया। मौके पर शिवजी राय, प्रशिक्षक विकास कुमार, व्यवस्थापक रणधीर कुमार, सिद्धार्थ कुमार, अंकित कुमार, विक्की कुमार, राजा जादव, संजय कुमार, दिगंबर कुमार, अमरेश कुमार, मोनू कुमार, राकेश कुमार, अभिनंदन कुमार, सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### लोक आस्था का त्योहार, आज खड़ना का प्रसाद ग्रहण करेंगे वर्ती।



केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती।छठ पूजा का असर पूरे प्रखंड में देखने को मिल रहा है। छठ पूजा के गीतों से पूरा माहौल भक्ति मय हो गया। व्रतियों ने गंगा स्नान करके आज कद्दू भात खाया। वर्ती आज खड़ना का प्रसाद ग्रहण करेंगे। खड़ना की पूजा में लोग अरवा चावल के पकवान बनाकर, पूजा कर, प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।उसके बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ हो जाता है। नेम और निष्ठा और पवित्रता में कोई कमी नहीं रहती है।लेकिन दुखद पहलु यह है कि किसी की किसी भी घाट पर सुरक्षा के दृष्टि से बैरिकेडिंग नहीं किया गया है। इससे हादसे की भी संभावना बनी हुए हैं। समाजसेवी और प्रशासनिक अधिकारियों ने घाटों का निरीक्षण किया।जहां तक हो सके घाटों की सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है। कोई अनहोनी ना घटे।

### कृषि टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित



समस्तीपुर। जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा द्वारा अपने कार्यालय वेश्म में कृषि टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा के क्रम में धान अधिप्राप्ति की भी समीक्षा की गई। विदित हो की धान अधिप्राप्ति का कार्य 1 नवंबर 2024 से प्रारंभ है जो 15 फरवरी 2024 तक चलेगा। उक्त अवधि में किसान अपने धान को क्रय केंद्र पर बेच सकते हैं। जिलाधिकारी समस्तीपुर द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को कार्यों में तेजी लाने एवं निर्धारित लक्ष्य को ससमय में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समस्तीपुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी समस्तीपुर, जिला कृषि पदाधिकारी समस्तीपुर, जिला सहकारिता पदाधिकारी समस्तीपुर, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम समस्तीपुर सहित सभी संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

### दो लीटर शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

मधुबनी सूरज यादव

पिपरासी : थाना क्षेत्र के मुड़ाडीह पंचायत में शराब के नशे में धुत एक धंधेबाज को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि अखिलेश यादव उर्फ राजू यादव शराब के नशे में हंगामा कर रहा था। उसकी जांच की गई तो पास से दो लीटर देशी शराब बरामद किया गया। इसके विरुद्ध मामला दर्ज कर गिरफ्तार धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में बगहा भेजा गया है

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने देव सूर्य मंदिर, कार्तिक छठ मेले का किया उद्घाटन, 30 लाख रुपए का किया आवंटन

## भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल पौराणिक सूर्य राघव मंदिर कार्तिक छठ मेला 2024 का किया उद्घाटन

**लोकतंत्र की आवाज़**





**गया।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल आज औरंगाबाद पहुंचे जहां उन्होंने देव सूर्य मंदिर, कार्तिक छठ मेला 2024 का उद्घाटन किया है। इसके अलावा वे बड़ेम स्थित प्रसिद्ध व पौराणिक सूर्य राघव मंदिर भी पहुंचे जहां पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया है। इस दौरान उन्होंने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा आयोजित कार्तिक छठ मेला 2024 का उद्घाटन भी किया। लोकआस्था के महापर्व छठ के पहले दिन उन्होंने सूर्यकुण्ड तालाब के पास आयोजित देव सूर्य मंदिर, कार्तिक छठ मेला 2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मेला किसी भी क्षेत्र की परंपरा और लोगों की आस्था का प्रतिबिंब है। चिंता प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि आज हम आधुनिकता में इन धरोहरों से विमुख होते जा रहे हैं। सरकार सभी मेलों को प्रतिष्ठित करने में जुटी है। सरकार ने लोगों को आकर्षित करने के लिए ऐसे स्थलों पर महोत्सव का आयोजन भी कर रही है। इस मौके पर राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. जायसवाल ने देव सूर्य मंदिर ,कार्तिक छठ मेला 2024 को भव्य बनाने के लिये 30 लाख रुपए की प्रस्तावित राशि आवंटित की।उन्होंने कहा कि देव सूर्य मंदिर देश ही नहीं विदेश में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साल यहां छठ करने वालों की भारी भीड़ लगती है। इस साल भी यहां पांच लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सरकार आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की है। सरकार की प्रतिबद्धता है कि आने वाले व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

**भाजपा अध्यक्ष इससे पहले** बड़ेम स्थित प्रसिद्ध व पौराणिक सूर्य राघव मंदिर भी गए और वहां भगवान भास्कर की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया है। इस दौरान उन्होंने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा आयोजित कार्तिक छठ मेला 2024 का उद्घाटन भी किया है। मेला उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए सरकार बिहार की अप्रतिम धरोहरों को संरक्षित करने के लिए पूर्ण रूप से संकल्पबद्ध है। इस मौके पर राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. जायसवाल ने बड़ेम में आयोजित होने वाले कार्तिक छठ मेला 2024 को भव्य बनाने के लिये 15 लाख रुपए की प्रस्तावित राशि का आवंटन किया है। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने इस ऐतिहासिक परंपरा को राजकीय मेला का दर्जा मिलने पर बधाई भी दी है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में इस मेले का और विस्तार होगा और इसका आकर्षण बढ़ेगा।इससे पहले भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल के बारून बाज़ार पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया है। यहां आकाश गंगा होटल के नजदीक सतीश कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया है। इसके बाद गोपाल शरण सिंह के नेतृत्व में भी सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का अभिनन्दन किया है। इससे पहले औरंगाबाद जिले के बड़ेम में निर्धारित कार्यक्रम के तहत जाने के क्रम में मेह पहुँचने पर कार्यकर्ताओं ने जोश एवं उत्साह के साथ अपने अध्यक्ष का अभिनंदन किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन स्वीकार करते हुए कहा कि यह पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह अगले साल आने वाले चुनाव के परिणाम का द्योतक है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ जायसवाल इस यात्रा के क्रम में नवीनगर भी पहुंचे हैं। यहां उन्होंने नवीनगर थर्मल पावर स्टेशन के अतिथिशाला में कार्यकर्ताओं से संवाद किया और क्षेत्र में चल रही संगठन की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की है। इस क्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं के अनुभव, विचार और सुझाव भी सुने।कार्यकर्ताओं के उत्साह और स्वागत से भाव विभोर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने जोर देकर कहा कि भाजपा कार्यकर्त्ताओं की मेहनत और निष्ठा रंग लाएगी और भाजपा को सुदृढ़ बनाएगी।इससे पहले रोहतास जिले के डेहरी ऑन सोन में भी प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कार्य योजनाओं को लेकर चर्चा की है। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे तन–मन और निष्ठा से अपने–अपने स्तर पर पार्टी के लिए सेवाएं दे रहे हैं, ये मेरे लिए अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## सिरदला:डायरिया से एक 14 वर्षीय बालक हुआ बीमार पीएचसी में किया जा रहा इलाज



**लोकतंत्र की आवाज**

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

**सिरदला।** प्रखंड के धिरौन्ध गांव में एक 14 वर्षीय बालक डायरिया से बीमार हो गया। जिसे परिजनों के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला लाया गया। जहां उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर उपेंद्र कुमार के द्वारा इलाज किया जा रहा है। डायरिया से बीमार बालक की पहचान धिरौन्ध गांव निवासी लाल बहादुर यादव के पुत्र 14 वर्षीय रंजन कुमार के रूप में किया गया है।

## वैशाली(राजापाकर):प्रथम पुण्यतिथि पर स्वर्गीय लक्ष्मी भगत को याद कर नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि।

**लोक तंत्र की आवाज**



**वैशाली(राजापाकर)।** राजापाकर प्रखंड के अहिआई निवासी समाजसेवी स्व० लक्ष्मी भगत की प्रथम पुण्यतिथि उनके पैतृक आवास पर श्रद्धापूर्वक मनाया गया। श्रद्धांजलि सभा में समाजसेवी, शिक्षाविद, बुद्धिजीवियों, एवं विभिन्न राजनैतिक दल के लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। समाजसेवी अजय मालाकार ने उनके जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा में दरोगा पासवान, हरेंद्र ठाकुर, अजय मालाकार, को शत्रुघ्न विश्वकर्मा, सतीश साह, संजय पासवान, कमलेश कुमार, सुधीर भगत, डॉ शैलेंद्र गुप्ता, मो नौशाद अंसारी, हरि महतो, आशुतोष पंडित, सुरेंद्र ठाकुर, प्रकाश कुमार चंदन, धर्मवीर पासवान, संजय राम, जोगिंदर शर्मा, रणधीर पंडित, चंद्रदीप भगत, बिंदेश्वर ठाकुर, मोहन भगत, मो मुस्तफा आलम, नंदकिशोर साह, भागवत पासवान, सुनील भगत, अभिजीत मालाकार, आर्यन राज, रंधीर भगत, रोहित कुमार, कमल रजक, पंकज भगत, अमरजीत कुमार, सन्नी कुमार, उत्कर्ष राज सहित अनेकों लोग ने उनके तैलचित्र पर पुष्प एवं माला अर्पित कर नमन किया।

## मोतिहारी: हरसिद्धि विधायक सह मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने किया छट घाट का उद्घाटन

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**

**मोतिहारी।** हरसिद्धि विधायक सह मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने मंगलवार को हरसिद्धि प्रखंड अंतर्गत भादा पंचायत के वार्ड नबर 12 मे दामोवृती पुल के स्थित किनारे ग्राम पंचायत विकास योजना अंतर्गत छट घाट का उद्घाटन किया गया।स्थानीय मुखिया सह समाजसेवी अंजय सहनी ने अंगवस्त्र से विधायक श्री पासवान का स्वागत किया। विधायक श्री पासवान ने मौके पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने इस छट के पवित्र दिन पावन मौके पर उपस्थित होकर अपना बहुमूल्य समय दिया है इसके लिए आप सभी का अभार प्रकट करता हूँ। उक्त छट घाट का निर्माण हो जाने से सभी लोगो को लाभ होगा खासकर छठव्रती माताओं / बहनों को अर्घ्य देने मे काफी सहूलियत होगी। मौके पर समाजसेवी बिशमभर तिवारी, धूवनारायण गिरी, उप मुखिया एकराम खा, नईमुदीन मियां, वृजमोहन गिरी, उपेन्द्र पाण्डेय, राजकिशोर ठाकुर, सतोश ठाकुर, शिवम गिरी, रविन्द्र सहनी, उपेन्द्र सहनी, छबिला सहनी, सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कार्यपालक पदाधिकारी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण दिए निर्देश

**लोकतंत्र की आबाज**



**ताजपुर/समस्तीपुर।** चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर परिषद की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इस संदर्भ में मंगलवार को चेयरमैन प्रतिनिधि संतोष चौधरी, डिप्टी चेयरमैन प्रतिनिधि अनिकेत कुमार अंशु, कार्यपालक पदाधिकारी सचिन कुमार, स्वक्षता प्रबंधन पदाधिकारी मिथुन कुमार एवं कार्यालय कर्मियों के साथ नगर परिषद क्षेत्र के सभी 28 छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान भेरोखड़ा, कस्बे आहर, ताजपुर, रहीमाबाद, हरिशंकरपुर बघौनी स्थित सभी घाटों में साफ सफाई, पर्याप्त रौशनी, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, गेट, बैरिकेटिंग, चूना ब्लीचिंग आदि अविलंब लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी घाटों के आस पास आम लोगों की राय जान कर उनके सुविधा अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस बार की व्यवस्था से जनता काफी खुशी प्रकट करते हुए नगर परिषद के प्रति आभार व्यक्त किया तो कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि हमारे स्वक्षता कर्मियों ने अपने कर्तव्य को बखूबी निभाया है। आगे दो दिन और युद्धस्तर पर सभी को कार्य करना है जब तक पर्व संपन्न न हो जाए।

## साहित्यक,समाजिक एंव राजनीतिक गतिविधियों मे प्रखर भूमिका निभाने वाले अनंत धीश अमन ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी से की भेंट!

**लोकतंत्र की आवाज़**



**गया।** गया जी के प्रखर साहित्यक, राजनीतिक एवं युवा समाजसेवी हर समय दुःख सुख के समय में खड़े रहने वाले एवं मृद्दल भाषी अनंत धीश अमन ने गया के अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट किये जिससे युवाओं मे काफी हर्ष व्याप्त है की हमारे युवा साथी ने प्रधानमंत्री से भेट कर हमलोगों के बारे और अपने बारे में जानकारी दिए! जिससे खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री ने काफी प्रशंसा की आपने इतनी कम उम्र में साहित्य की अच्छी जानकारी रखते हैं जिसका लाभ आपके आस पास के लोगों को मिलेगा और जिससे राष्ट्र विकास मे मदद मिलेगा!

## पकरीबरावां:नहाय खाय के साथ छठ महापर्व शुरू, घाटों की सफाई में जुटे लोग

**लोकतंत्र की आवाज**



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावां।** मंगलवार से लोक आस्था एवं सूर्योपासना का महापर्व छठ नहाय खाय के साथ शुरू हुआ। पहले दिन लोगों ने कद्दू भात का प्रसाद ग्रहण किया। घर की महिलाओं ने पूरे नेक नियम से प्रसाद बनाया, जिसके बाद छठ व्रती के उपरांत सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। बुधवार को छठ व्रती खरना करेगी। इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। खरना का प्रसाद के लिए महिलाएं पूरे भक्ति भाव से जुट गई है। छठ महापर्व को लेकर माहौल भक्तिमय बना हुआ है। छठ गीत से शहर–गांव का हर कोना गुंजायमान है। इधर, छठ घाटों पर साफ– सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। विभिन्न पूजा समितियों द्वारा घाट से लेकर घाट तक जानेवाले रास्तों की सफाई की जा रही है। पकरीबरावां के बड़ी तालाब को सजाया जा रहा है। बाल विकास क्लब बड़ी तालाब द्वारा घाट पर सफाई के साथ ही आकर्षक लाइटिंग की जा रही है। अधिक पानी को देखते हुए तालाब में बैरिकेडिंग भी की जाएगी। वहीं, छठ व्रतियों के लिए हर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। धमौल, तुर्कबन, ढोढ़ा, बुधौली, गुलनी, डुमरावां आदि गांवों में भी छठ घाट पर मुकम्मल व्यवस्था की जा रही है। घाटों की साफ– सफाई से लेकर रौशनी का प्रबंध किया जा रहा है।दूसरी ओर, छठ महापर्व को लेकर स्थानीय प्रशासन एक्टिव है। थानाध्यक्ष घूम– घूमकर छठ घाटों का जायजा लेते दिखे। पकरीबरावां थानाध्यक्ष अजय कुमार, धमौल एसएचओ हिमांशु पप्पू सहित पुलिस पदाधिकारी छठ घाट पर तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। प्रशासन ने पूजा समिति के लोगों को कई जरूरी दिशा निर्देश दिए।धमौल सरपंच इंद्रजीत कुमार सिन्हा ने ढोंढ़ा नदी घाट का जायजा लिया। घाट तक जाने वाले रस्ते का निरीक्षण किया। बता दें कि धमौल से सैकड़ों छठ व्रती ढोढ़ा घाट पर अर्घ्यदान करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### छठ महापर्व को लेकर सैकड़ो परिवार के बीच छठ कीट वितरण



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। छठ महापर्व बिहार में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। यह सूर्य देवता और अन्य प्राकृतिक तत्वों के प्रति आभार व्यक्त करने का प्रतीक है। यह आपस में खुशियों और दु:खों को साझा करने का एक तरीका भी है। और वंचितों की सेवा करने का अवसर भी। इसी उद्देश्य के साथ, अप्रोच हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन के द्वारा गोरियारी, गोसपुर, चौराही, मुसरिया और गोरदह गांवों में 100 वंचित परिवारों के लिए छठ किट वितरण किया गया। इस किट में छठ पर्व मनाने के लिए आवश्यक सभी समानों में सूप, नारियल, टाब बेसन, मैदा, फल और साड़ी शामिल थे। संस्था के निदेशक राहुल कुमार रोशन एवं पायल राहुल रोशन के द्वारा छठ कीट का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा बीते छह वर्ष से ज्यादा समय से इस तरह के सामाजिक कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर अधिवक्ता तपेश्वरी प्रसाद यादव, रंजू देवी, सनेहा, मुखिया उमेश साह, सरपंच मिथलेश साह, पूर्व सरपंच ब्रह्मदेव साह, सुभाष यादव, रोशन, चंदन यादव, कमल किशोर, श्यामलाल यादव, उमेश यादव, चंद्र किशोर यादव, अजय यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

### वार्ड पार्षद दीपा आनंद ने छठ पूजा के लिए गेहूं सुखाकर शुरू किया धार्मिक अनुष्ठान



लोक तंत्र की आवाज

अररिया । लोकआस्था का महापर्व छठ का आगाज हो चुका है, और नगर पार्षद दीपा आनंद ने इस वर्ष भी अपनी श्रद्धा और निष्ठा के साथ इस पर्व की शुरुआत की। अररिया नगर परिषद वार्ड 9 की वार्ड पार्षद दीपा आनंद ने इस पूजा के लिए गेहूं सुखाते हुए अपने घर की छत पर धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियां शुरू कीं। पिछले ग्यारह वर्षों से छठी मैया की पूजा कर रही दीपा आनंद का कहना है कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का ही प्रतीक नहीं, बल्कि समाज में एकजुटता और समानता को भी बढ़ावा देता है। दीपा ने बताया कि छठ पूजा के दौरान वह पूरी श्रद्धा से गेहूं को सुखाकर उसे प्रसाद के रूप में तैयार करती हैं, जो इस पूजा का अहम हिस्सा होता है। उन्होंने कहा, "यह पर्व हमारी बिहारी संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक है, जिसमें स्वच्छता, शुद्धता और विश्वास का विशेष महत्व है। इस अवसर पर दीपा आनंद ने अपने परिवार के सहयोग को भी सराहा, और कहा कि उनका सास-नन्द समेत पूरा परिवार इस पूजा को मनाने में उनका साथ देता है। बता दें दीपा आनंद युवा समाजसेवी सह राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने के प्रबल दावेदार मंडल अविनाश आनंद की धर्मपत्नी और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी के एन विश्वास की पुत्रवधु हैं।

### सहरसा जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 5.700 किलोग्राम गांजा के साथ देसी शराब बनाने के उपकरण हुए जब्त



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 5 .700 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था। साथ ही देसी शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किए गए थे। वहीं जावा महुआ शराब को बरामद कर विनष्ट कर दिया गया था। एसपी हिमांशु ने बताया कि 3 नवंबर को देसी शराब बनाने के लिए उपयोग में लाए जा रहे दो गैस सिलेंडर, दो तसला, एक चूल्हा और एक उपकरण जब्त किया गया था। मौके से जावा महुआ शराब 160 लीटर बरामद की गई थी। जिसे मौके पर ही विनष्टीकरण कर दिया गया। साथ ही वाहन जांच में 4500 की राशि जमा हुई थी। इस दौरान एक बाइक जब्त किए गए थे। जबकि दो शराबी, सात शराब व कोरेक्स कफ सिराफ के कारोबारी के साथ एक गांजा के कारोबारी को गिरफ्त में लिया गया था। जिन्हें जेल भेज दिया गया था। साथ ही नशे के कारोबारी से 15 .600 लीटर कोडिंन युक्त कफ सिरफ, 4 .2 लीटर अंग्रेजी शराब और 24 .200 लीटर देसी शराब बरामद किए गए थे उन्होंने आगे बताया कि इस दौरान जिले के विभिन्न थाना अध्यक्षों द्वारा 17 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई थी। जिनमें से 10 अभियुक्त को जेल भेज दिया गया था। जबकि सात अभियुक्त को थाने पर जमानत दे दी गई थी। साथ ही स्थानीय व्यवहार न्यायालय द्वारा निर्गत 15 वारंट का भी निष्पादन किया गया था।

### शराब के साथ बाइक पर सवार तीन अभियुक्त गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

पतरघट सहरसा

संवाददाता ।सहरसा जिले के पतरघट प्रखंड क्षेत्र के पस्तपार थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना पर रविवार की शाम बंधा मार्ग पूल के समीप एक बाइक पर तीन युवक को 4 .5 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना अध्यक्ष पंकज कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना पर पीटीसी धर्मेन्द्र कुमार पुलिस बल के सहयोग से पस्तपार बंधा मार्ग स्थित पूल के निकट वाहन जांच में एक बाइक पर सवार तीन युवक को गिरफ्तार किया। मुरलीगंज की तरफ से आ रहे बाइक पुलिस वाहन देख बाइक घुमा कर भागने का प्रयास किया। जिसे संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक जम्हरा पंचायत के भद्दी कला गांव निवासी मुकेश कुमार, सुमित कुमार और भास्कर कुमार थे। उनके पास से 750 एमएल का 6 बोतल अंग्रेजी शराब कुल 4 .5 लीटर बरामद किया। उनकी बाइक बीआर 43 एन 3046 जब्त किया गया था।

### ई-रिक्सा और पिकअप की हुई जबरदस्त टक्कर



लोकतंत्र की आवाज

सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवाददाता। जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के रंगिनिया गांव के निकट ठल्र-107 सड़क पर ई-रिक्सा और पिकअप के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें चार लोग की हालात गंभीर थी। जिसमें दो महिलाएं भी शामिल थी। उक्त हादसे के दौरान उक्त सड़क से गुजर रहे एक बाइक सवार युवक भी घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस पदाधिकारियों ने स्थानीय लोग की सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए पहले सिमरी बख्तियारपुर स्थित अनुमंडल अस्पताल में भर्ती काराया। जहां वे इलाजरत है। घायल में खगड़िया जिले के अलौली गांव निवासी रीता देवी और गौरी कुमारी के अलावे सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के भटपूरा गांव निवासी ई-रिक्सा चालक भवेश यादव की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया गया। वहीं रंगिनिया निवासी जख्मी राजकुमार यादव का इलाज अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। वही मौके पर पहुंचे पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### जदयू के जिलास्तरीय सम्मेलन 11 को,तैयारी तेज



लोक तंत्र की आवाज

मधेपुरा: जदयू के जिलास्तर पर आयोजित होने वाले सम्मेलन की तैयारी को लेकर जदयू सदर प्रखंड अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार उर्फ विनायक की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में प्रखंड कार्यकारिणी एवं पंचायत अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित विधानसभा प्रभारी मु. मोहीउद्दीन राईन ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं को अभी से जुट जाना है। जिला स्तरपर होने वाले सम्मेलन में पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं के साथ प्रखंड व पंचायत स्तर पर सक्रिय रहने वाले सभी जदयू कार्यकर्ताओं का इस सम्मेलन में सहभागिता अहम है। उन्होंने बताया कि 11 नवंबर को जिला स्तर पर आयोजित सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा शामिल होंगे। सम्मेलन की सफलता को बैठक में कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया गया। मौके पर प्रखंड प्रभारी सुरेंद्र प्रसाद यादव, जिला 20 सूत्री सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि प्रो. विजेंद्र नारायण यादव, जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रो.मनोज भटनागर, जदयू नेता डा.नीलाकांत,प्रो. सुजीत मेहता, प्रो.दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

# माकपा का 24 वां जिला सम्मेलन सत्तर कटैया के कुम्हराघाट में होगा आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।**भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी सीपीआईएम जिला कमेटी की बैठक कामरेड गणेश प्रसाद सुमन की अध्यक्षता में शारदा नगर स्थित पार्टी कार्यालय में सोमवार को सम्पन्न हुई। बैठक के शुरुआत में कामरेड सीताराम येचुरी को एक मिनट मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। राज्य प्रभारी कामरेड विनोद कुमार ने देश दुनिया की विस्तार से चर्चा करते कहा कि धर्म सम्प्रदाय जाति, साम्राज्य, पूंजीवाद का विकल्प वामपंथ ही हो सकता। उदाहरण स्वरुप तत्काल में श्रीलंका की घटना को देखा जा सकता है। देश के मूलभूत सुविधाओं पर कोई बात नहीं हो है हिन्दू मुस्लिम के नाम पर नफरत फैलायी जा रही है। जो दूर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा सीपीएम का सांगठनिक वर्ष चल रहा है। पार्टी का महाधिवेशन तामिलनाडु के मदुरै शहर में 2 - 6 अप्रैल 2025. को होने जा रहा है। राज्य सम्मेलन 22 - 24 दिसम्बर को दरभंगा में आयोजित है।

इसी की सफलता हेतु पुरे देश में पार्टी के शाखा, अंचल/लोकल, एवं जिला सम्मेलन तेजी से हो रहा है। पार्टी के हर सम्मेलन में हर स्तर पर सभी जनसमस्याओं, राजनीतिक सांगठनिक मुद्दे पर चर्चा और बहस मुहावसे हो रहे है। महाधिवेशन में राजनीतिक, सांगठनिक और आंदोलनात्मक लाइन अगले तीन वर्षों के लिए तय किये जाएंगे। पार्टी जिला सचिव रणधीर यादव द्वारा समीक्षा रिपोर्ट पेश किया गया जिस पर बहस मुहावसे बाद सर्वसम्मति से पारित किया गया।पार्टी जिला सचिव रणधीर यादव ने सहरसा जिला पार्टी संगठन के बारे में रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि जिले के 09 प्रखंड अन्तर्गत 86 पंचायत, नगर पंचायत नगर निगम में पार्टी की 123 यूनिट शाखाएं हैं। 114 जगहों के यूनिट सम्मेलन - सम्पन्न होने के पश्चात 06 प्रखंड अंचल का सम्मेलन भी सम्पन्न हो गया है। सौर बाजार अंचल सम्मेलन में कामरेड रमेश यादव, पतरघट अंचल में कामरेड रामविलास पासवान, महिषी अंचल में कामरेड शिवशंकर शर्मा, सत्तर कटैया अंचल में कामरेड कृष्ण दयाल यादव, नवहट्टा अंचल में कामरेड शकील अहमद खां, सोनबरसा अंचल में कामरेड इन्द्रदेव प्रसाद इन्दू पार्टी के सर्वसम्मत सचिव चुने गये है। बांकी के तीन अंचल नगर निगम में नगर और कहरा अंचल का सम्मेलन 10 नवंबर को तथा सिमरी बख्तियारपुर अंचल का सम्मेलन 15 नवंबर को तय है। इस बीच बांकी बचे यूनिट शाखा सम्मेलन भी करा लिये जाएंगे। सभी सम्मेलन में जिला सम्मेलन हेतु प्रतिनिधि का भी चयन सर्वसम्मति से हो रहा है। वही 23-24 नवंबर को सत्तर कटैया अंचल के वरहशेर पंचायत कुम्हराघाट बाढ़ आश्रय स्थल प्रांगण मैदान में आहूत सहरसा पार्टी के 24 वें जिला सम्मेलन में पुरे जिले से 265 चुने प्रतिनिधि भाग लेंगे। जिला सम्मेलन हेतु स्वागत समिति का गढ़न कर तैयारी जोरों पर है।

जिला सम्मेलन में पार्टी पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड वृंदा करात, केन्द्रीय कमेटी सदस्य कामरेड अवधेश कुमार, पार्टी राज्य सचिव कामरेड ललन चौधरी, सहरसा पार्टी प्रभारी सह पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड बिनोद कुमार को भाग लेने की संभावना है। सम्मेलन के अवसर पर प्रथम दिन खुलाधिवेशन के रूप में विशाल सभा आयोजित करने का भी फैसला बैठक में लिया गया। बैठक में पार्टी जिला कमेटी के कामरेड रामचंद्र महतो, गुरुदेव शर्मा, बद्रीनारायण मंडल, ब्यास प्रसाद यादव, कुलानंद कुमार, दु:खी शर्मा, डोमी पासवान, दिलीप ठाकुर, मिथिलेश कुमार सिंह, हृदय नारायण यादव, मनोज शर्मा, नसीम मिस्त्री, माखन साह, सुकनी देवी, नसीमुद्दीन, ब्रजेश वामपंथी, असफाक अंसारी, शिवानंद विश्वास, केशव कुमार, अनिता देवी सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

## छठ पूजा की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा, सुरक्षा के साथ सुविधाओं पर दिया विशेष ध्यान



लोक तंत्र की आवाज

- जोकीहाट प्रखंड के छठ घाटों पर बैरीकेटिंग, चेंजिंग रूम और रोशनी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

**अररिया।** छठ पूजा के महापर्व के मद्देनजर जिला पदाधिकारी श्री अनिल कुमार ने आज जोकीहाट प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और वहां की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए ताकि छठ व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सूर्योपासना के इस महापर्व पर छठ व्रतियों की सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने खासतौर पर गहरे घाटों को चिन्हित करते हुए वहां बैरीकेटिंग की व्यवस्था करने का निर्देश दिया ताकि व्रतियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा, जिलाधिकारी ने घाटों पर चेंजिंग रूम बनाने की भी बात की, ताकि व्रती अपनी सुविधानुसार वहां स्नान और पूजा की तैयारियां कर सकें। घाटों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने की आवश्यकता को भी महसूस करते हुए संबंधित अधिकारियों को समय पर रोशनी व्यवस्था करने का आदेश दिया। इस निरीक्षण के दौरान स्थानीय अधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे और उन्होंने जिलाधिकारी के निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया।

जिलाधिकारी के इस निरीक्षण और निर्देशों से स्पष्ट है कि छठ पूजा के दौरान व्रतियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि इस महापर्व का आयोजन पूरी तरह से शांतिपूर्वक और सुविधाजनक तरीके से किया जा सके।

## सहरसा के बटराहा में श्री सत्य साई सेवा संगठन द्वारा दो दिवसीय विश्व अखंड भजन कार्यक्रम का होगा आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** शहर के वार्ड नंबर 34 बटराहा मोहल्ला स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर में श्री सत्य साई सेवा संगठन द्वारा दो दिवसीय विश्व अखंड भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। श्री सत्य साई सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष सतेन्द्र प्रसाद यादव, संयोजक मोहन कुमार, प्रो अमरेंद्र नारायण, बिट्टू भगत, गुड्डू शर्मा, अरुण कुमार चौरसिया ने बताया कि 9 नवंबर संध्या 5:45 बजे से 10 नवंबर की संध्या 7:00 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन होगा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कलश पूजन ओंकारम् वेद पाठ एवं साई गायत्री मंत्र का जप किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 9 नवंबर को शारदा नगर, संत नगर, कोशी चौक समिति एवं सुखासन गम्हरिया एकपरहा समिति द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

वहीं 10 नवंबर को सुबह 4:00 से संध्या 7:00 बजे तक सुखासन, पीरनगर, शारदा नगर, संत नगर, कोशी चौक यूथ विंग, बिशनपुर आनंद समिति, सत्तर कटैया समिति के सभी भक्तजन मिलकर पूर्ण आहुति आरती एवं प्रसाद वितरण में पूर्ण सहयोग करेंगे। संयोजक ने बताया कि सभी भजन मंडली समिति के भक्तगण को सभी साज सामान अपने साथ लाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही भजन स्थल पर रुकने वाले सभी भक्तों के लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था रहेगी। भजन स्थल पर स्कार्फ पहनना अनिवार्य रखा गया है।

# वीरपुर कोसी क्लब में चित्रांश परिवार ने की भगवान चित्रगुप्त की पूजा, महाभंडारा का भी हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



- 42 वर्षों से द्वितीय तिथि को भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति स्थापित कर की जाती है पूजा

**वीरपुर, सुपौल संवाद सूत्र।** अनुमण्डल मुख्यालय वीरपुर के कोसी क्लब में चित्रांश परिवार की ओर से रविवार कि दोपहर दो बजे भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना श्रद्धा और भक्तिभाव से की गई जहां भक्तों ने भगवान चित्रगुप्त उनकी दो माता और उनके 12 संतानों की पूजा की. जानकारी अनुसार पूरे वीरपुर अनुमण्डल क्षेत्र के कोसी क्लब में पिछले 42 वर्षों से द्वितीय तिथि को भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना किया जाता रहा है.

इसी क्रम में रविवार को भी चित्रांश परिवारों की ओर से भव्य पूजा की गई और जहां संध्या के समय भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा. चित्रगुप्त पूजा समिति की ओर से संजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि हर वर्ष की भाँति इस साल भी नगर पंचायत के वार्ड 03 कोसी कॉलोनी चित्रांश परिवार के द्वारा पारंपरिक तौर पर पूजा अर्चना की गई है.

यहाँ चित्रांश परिवार के लोग शामिल हुए हैं. सारी सृष्टि का लेखा जोखा भगवान् चित्रगुप्त ही रखते हैं. भंडारा का भी आयोजन किया गया है और कल यानी सोमवार की दोपहर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा. काफी श्रद्धा भाव से लोगो ने पूजा की है और माहौल भी भक्तिमय बना हुआ है. मौके पर दिवाकर कुमार बर्मा, विशाल वर्मा, संतोष कुमार बंटी, संजीव कुमार मुकुल, आलोक आनंद, नीरज कुमार, आलोक कर्ण, रंजन कुमार, अमित कुमार, संजीत कुमार, समीर कुमार, कृष्ण कुमार, विनोद सिन्हा, जय किशोर प्रसाद, विशाल वर्मा, उपेन्द्र प्रसाद सिन्हा, मुकेश सिन्हा, उमेश दास, गोपाल लाल कर्ण, आशीष वंशराज एवं अन्य चित्रांश परिवार के सदस्यगण मौजूद रहे.

## झिरवा में आयोजित बैठक में शाहजहाँ शाद ने किया जुलूस में भारी संख्या में भाग लेने की अपील

लोक तंत्र की आवाज



**फारबिसगंज।** सीमांचल अधिकार मंच के अध्यक्ष शाहजहाँ शाद की अध्यक्षता में पुरवारी झिरवा स्थित मदरसतुल बनात में एक महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें आगामी जुलूस को लेकर रणनीतियाँ बनाई गईं।बैठक की शुरुआत हुजूर पाक स० की शान में दरूद शरीफ कर की गई। एवं लोगों से आग्रह किया गया कि जुलुस में सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से आएंगे। शाहजहाँ शाद ने लोगों से अपील की कि वे इस जुलूस में भारी संख्या में शामिल हों और अपनी एकता और शांति का परिचय दें।

बैठक में यह भी बताया गया कि जुलूस कर्बला मैदान से शुरू होकर जुम्मन चौक, सुभाष चौक, और पोस्ट ऑफिस चौक से होते हुए द्विजदेनी फील्ड तक जाएगा, जहां एक सभा आयोजित की जाएगी। इस सभा में गुस्ताख ए रसूल को फांसी की सजा देने की मांग की जाएगी। मंच के अध्यक्ष शाहजहाँ शाद ने कहा, ₹जहाँ भी मीटिंग हो रही है, वहाँ भारी संख्या में लोग जुट रहे हैं। अब हमें जुलूस में एकजुट होकर अपनी आवाज़ उठानी है। बैठक में मंच के सचिव एकराम अंसारी, ज्वाइंट सेक्रेटरी गुड्डू अली, नसीम कमाल उद्दीन, मुखिया आफताब, मुखिया रिज़वान आलम, मुखिया रहमान, मास्टर रइस, कारी शफीक, जाहिद चेयरमेन, मौलाना नज़ाम, अब्दुल कय्यूम, शमीम, मोहम्मद बबलू, मोहम्मद फैजान, मास्टर रुस्तम, शौकत अली, पप्पू असहाब, शब्बीर, और अकबर अली सहित कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे, जिन्होंने जुलूस की सफलता और शांति बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई।

## पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7: क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शानदार आयोजन, 8 मैचों के परिणाम घोषित



लोक तंत्र की आवाज

**पूर्णिया।** पनोरमा ग्रुप द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 के क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन का खेल शानदार तरीके से सम्पन्न हुआ। इस दिन कुल 16 टीमों के बीच 8 मैच खेले गए, जिनमें से विजेता टीमों ने अगले राउंड के लिए अपनी जगह बनाई।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 के आयोजन समिति के अध्यक्ष और पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने विजेता टीमों को बधाई दी और आगामी मैचों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आयोजन समिति के सभी सक्रिय सदस्यों की भी सराहना करते हुए कहा कि इन सदस्यों की बदौलत ही यह प्रतियोगिता न केवल बिहार में बल्कि देश और विदेशों में चर्चा का विषय बन गई है। मिश्रा ने कहा, ₹खिलाड़ी मैदान में अपना शत-प्रतिशत योगदान दे रहे हैं और हम चाहते हैं कि युवा खेलों में अपनी ऊर्जा लगाएं, ताकि वे गलत रास्ते पर न जाएं।₹ उन्होंने यह भी बताया कि पनोरमा ग्रुप का उद्देश्य अधिक से अधिक टीमों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है।

आयोजन समिति के सदस्य हरिओम झा ने दूसरे दिन के खेलों के बारे में बताया कि पूर्णिया जिला स्कूल मैदान पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में टीमों ने अनुशासन के साथ खेला और सभी मैच समय पर समाप्त हुए। झा ने यह भी बताया कि मैचों के सीधा प्रसारण किए जा रहे हैं और दर्शक पनोरमा स्टार यूट्यूब चैनल और पनोरमा ग्रुप के फेसबुक पेज पर लाइव मैच देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार सख्त नियम लागू किए गए हैं, और अगर कोई टीम समय पर मैदान पर नहीं पहुंचती है, तो विपक्षी टीम को सीधा वाक ओवर दिया जाएगा।

आज के मैचों में निर्णायक मंडल के सदस्य मो. नयर अली, काजल पोद्दार, विमल मुकेश, एस.एस. प्रसाद उर्फ पिंटू कुमार, और हरीश कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य हरिओम झा, मो. मंजर मोहसिन, अमृत साजन, मो. मासूम, वेदांत, और शिवम सक्रिय रहे, जबकि कार्यक्रम की उद्घोषणा विकास कुमार ने की और स्कोरर के रूप में प्रिंस कुमार थे। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 में प्रतियोगिता का यह आयोजन खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए एक अद्वितीय अनुभव साबित हो रहा है, और आगामी दिनों में इसकी लोकप्रियता और भी बढ़ने की उम्मीद है।

**आज के मैचों के परिणाम**

1. पूर्णिया ब्लास्टर बनाम पूर्णिया स्टार क्लब - दोनों टीमें निर्धारित समय पर मैदान पर रिपोर्ट नहीं कर पाईं, इसलिए मैच रद्द।
2. चुनापुर क्रिकेट क्लब बनाम हन्नी इलेवन क्रिकेट - हन्नी क्रिकेट क्लब ने 6 विकेट से जीत हासिल की।
3. पोलटेक्निक क्रिकेट क्लब बनाम बरमोस क्रिकेट क्लब - पोलटेक्निक क्रिकेट क्लब ने 23 रन से जीता।
4. बादशाह इलेवन क्रिकेट क्लब बनाम जूनियर स्टार क्रिकेट क्लब - जूनियर स्टार क्रिकेट क्लब ने 9 विकेट से जीत हासिल की।
5. मिल्की क्रिकेट क्लब बनाम बाबा क्रिकेट क्लब - मिल्की क्रिकेट क्लब ने 7 विकेट से जीत दर्ज की।
6. डजिंग क्रिकेट क्लब बनाम द्रोणा क्रिकेट क्लब - द्रोणा क्रिकेट क्लब ने जीत दर्ज की।
7. दीपक इलेवन रंगभूमि बनाम आरसीसी पूर्णिया - दीपक इलेवन ने 60 रन से जीत दर्ज की।
8. टीम जीपी पूर्णिया बनाम सहारा पंचायत - जीपी पूर्णिया ने 8 विकेट से जीत हासिल की।

## प्रमुख छठ घाटों पर एंबुलेंस व जीवन रक्षक दवाओं के साथ मेडिकल टीम रहेगी तैनात

लोक तंत्र की आवाज



**अररिया।** छठ महापर्व के दौरान जिले में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रहेगा। प्रमुख छठ घाटों पर एंबुलेंस और जीवन रक्षक दवाओं से लैस विशेष मेडिकल टीम तैनात रहेगी। इसके साथ ही, चलंत चिकित्सा दल भी सक्रिय रहेगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति से त्वरित निपटा जा सके।

सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप ने इस दौरान विशेष एहतियात बरतने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सभी पीएचसी चिकित्सा पदाधिकारी और स्वास्थ्य प्रबंधक को छठ घाटों पर विशेष चिकित्सकीय इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पीएचसी स्तर पर कंट्रोल रूम संचालित किया जाएगा, ताकि आवश्यक चिकित्सकीय सहायता तत्परता से उपलब्ध कराई जा सके। सिविल सर्जन ने कहा धार्मिक आस्था से जुड़ा यह महापर्व स्वास्थ्य विभाग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। सभी स्वास्थ्य अधिकारी संवेदनशील घाटों पर विशेष चिकित्सा इंतजाम सुनिश्चित करें। पर्व के दौरान सभी स्वास्थ्यकर्मी अलर्ट मोड में रहेंगे और उनके मोबाइल फोन ऑन रहेंगे ताकि समय पर मदद दी जा सके।

**मेडिकल टीम की तैनाती और सुविधाएं :** जिले के प्रमुख छठ घाटों पर मेडिकल टीम की तैनाती की गई है, वहीं छोटे घाटों पर एएनएम (आंगनवाड़ी कार्यकर्ता) को जीवन रक्षक दवाओं के साथ तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त, चलंत चिकित्सा दल पूरे जिले में सक्रिय रहेगा। घाटों पर ट्रांजिट टीम द्वारा पोलियो रोधी टीका भी बच्चों को दिया जाएगा। डीपीएम स्वास्थ्य संतोष कुमार ने बताया कि इस दौरान सभी पीएचसी और सदर/अनुमंडल अस्पताल अलर्ट मोड पर कार्य करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### हजारीबाग कांग्रेस कार्यालय में पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह ने की प्रेस वार्ता



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा, पिछले 10 साल से हजारीबाग विधानसभा तथा लोकसभा में भाजपा का शासन रहा है। इसके बावजूद भाजपा इस क्षेत्र में विकास लाने में असफल रही है।पिछले पांच सालों में महागठबंधन सरकार के द्वारा जनता के हित में किए गए कार्यों और योजनाओं से झारखंड की जनता लाभान्वित हुई है।इस कारण जनता का समर्थन हमारे साथ है।अब वक्त है बदलाव का,और मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे प्रत्याशी मुन्ना सिंह को यहां की जनता अपना आशीर्वाद देगी और इन्हें यहां से विजयी बनाएगी।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर चला मतदाता जागरूकता अभियान



लोकतंत्र की आवाज
अजित यादव संवाददाता कुन्दा
कुन्दा( चतरा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा सचिव के निर्देशानुसार कुंदा प्रखण्ड के भौरूडीह गाँव में डोर टू डोर जाकर विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया इस दौरान लोगों को वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली विधिक सेवाएं, एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।इसके साथ ही अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। वही लोगो को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में जानकारी दी गई।जागरूकता अभियान के दौरान पीएलवी संजय चौधरी, अजित कुमार व मुन्ना दास समेत कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### माण्डू विधानसभा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में कॉग्रेस विशाल चुनावी सभा



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड)। मांडू विधानसभा के कांग्रेस महागठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा को राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका खड़गे झारखंड प्रभारी गुलाब मीर अहमद एवं झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो पूर्व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं अन्य नेताओं ने संबोधित कीया जिसमें मांडू की जनता से कांग्रेस के प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में भारी से भारी मतदान कर विजय बनाने की अपील की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि हमने जनता को जो भी गारंटी दी हैं, वे सभी वादे समय से पूरा करने का काम किया जाएगा। हमें झूठ बोलने की आदत नहीं है। हम जो करते हैं, वह कर दिखाते हैं और आगे भी हम अपना वादा पूरा करेंगे जनसभा में हजारों की संख्या में महिला पूरूष सामिल थे।

# मुख्यमंत्री ने जनसभा को किया संबोधित, भाजपा पर बोला हमला

**भाजपाइयों को बताया गिद्ध, कहा-झारखंड में गिद्ध की तरह मंडरा रहे भाजपा के दर्जनों मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री**

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**टंडवा(चतरा)।** राज्य के मुख्यमंत्री सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन चुनावी जनसभा को संबोधित करने टंडवा पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने टंडवा के पशु मेला मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से झामुमो सह महागठबंधन प्रत्याशी मनोज चंद्रा के पक्ष में प्रचार–प्रसार किया। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की 5 सालों की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों के ऋण माफी से लेकर घर के बिजली बिल का माफी और महिलाओं और बेटियों के सम्मान के लिए कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार झारखंड के गरीब गुरबा और आदिवासी दलित के लिए लड़ाई लड़ रही है तो वहीं दूसरी ओर विपक्ष की भाजपा तरह–तरह के षड्यंत्र को रचकर मुझे और मेरी सरकार को अस्थिर करने के लिए जांच एजेंसियों को आगे लाकर जेल भेजने का काम की है। उन्होंने कहा कि इतने में इनका मन नहीं भरा तो भाजपा के लोग परिवार की लड़ाई करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपाई रोटी बेटी और माटी की बात करते हैं लेकिन वही भाजपाइयों के गुजरात में एक बेटी के साथ 25 दरिंदो ने एक साथ सामूहिक बलात्कार किया, लोगों को लगा कि सुप्रीम कोर्ट उन आरोपियों को सजा देगी लेकिन चुनाव आते ही वही बलात्कारी चुनाव प्रचार में मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के लोग नहीं चाहते कि राज्य के आदिवासी और दलित परिवारों को उनका सम्मान और अधिकार मिले इसलिए भाजपा के एक दर्जन मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री झारखंड में गिद्ध की तरह मंडरा रहे हैं।



उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीत की तरह मंडरा रहे भाजपा के नेताओं को तीर चला कर गिराने का काम करें। उन्होंने जनसमूह को बताया कि महागठबंधन की दुबारा सरकार बनती है तो हर महिलाओं को एक एक लाख रुपए दी जाएगी जिसकी शुरुआत दिसंबर महीने हो जाएगी।कहा कि केंद्र की झारखंड में विस्थापन बड़ी समस्या है हमने विस्थापन आयोग बना दी है सरकार बनते ही उसे लागू की जाएगी रैयतों को हक़ अधिकार मिलेगा और कंपनियों में गुजरात, बंगाल,महाराष्ट्र दक्षिण भारत के व्यपारियो को भगाया जाएगा और स्थानीयों को जोड़ा जाएगा।

# झारखंड मजदूर संघ का केंद्रीय अधिवेशन 21 दिसंबर को बाकुडी में



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**बरहरवा।** झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक की बैठक जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव के अध्यक्षता में केंद्रीय कार्यालय बाकुडी में सम्पन्न हुई।बैठक में विगत दिनों से चल रही सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद संगठन के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा संगठन के कार्यों की समीक्षा और बिगत दिनों 21 सितंबर से लेकर 21 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान की विधानसभा वार समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान राजमहल, बोरियो और बरहेट विधानसभा में नए सदस्य की समीक्षा की गई।जिसमें राजमहल विधानसभा में 200 बोरियो 50 और 60 बरहेट विधानसभा मिलाकर कुल 310 सदस्य को जोड़ा गया।इस कार्य के लिए संगठन की ओर से सभी कार्यकर्ता को धन्यवाद दिया गया।केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि झारखंड मजदूर संघ (प्रजा॰)एक गैर राजनीतिक दल है सभी सदस्य स्वतंत्र हैं और प्रत्येक विधानसभा के नेता को चुने और 20 नवंबर को होने वाली मतदान में हिस्सा लेकर मत का प्रयोग करें और मन पसंद नेतृत्व चुनने का अधिकार है।वही श्री यादव ने कहा कि झारखंड मजदूर संघ (प्रजा॰) का कार्यकाल 3 वर्ष हो गया है केंद्रीय संगठन चुनाव को लेकर आगामी 21 दिसंबर 2024 को केंद्रीय अधिवेशन बाकुडी रेलवे मैदान में आयोजित की जायेगी।

वही जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव ने बताया कि 27 नवंबर से पुन सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा जो अधिवेशन तक चलेगी।बैठक में अजय रजकअंबिका घोष,मोहन मंडल,सुबोध दास,विश्वजीत मंडल,मिथुन घोष,गुलाब चंद्र रविदास,संजय रविदास,लखीराम बास्की,फूल कुमारी देवी,अशोक घोष,विनोद कुमार पंडित,शंभू पंडित,कार्तिक राय,विनय इत्यादि मौजूद थे।

# आदित्यनाथ योगी ने झारखंड की धरती से हूंकार भरा



लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी ने झारखंड की धरती से हूंकार भरा है बाटेंगे तो काटेंगे एक रहेंगे नेक रहेंगे वास्तव में योगी जी के इस चुनावी वाक्यांश का तोड़ फिलहाल तो विपक्ष के पास नहीं है या यूं कहें कि विपक्ष इसका तोड ढूंढ ही नहीं पा रहा है तथा राजनीतिक गर्मी बढ़ाने का ही काम कर रहा है विपक्ष और इसी लोकप्रियता के चलते कोडरमा की धरती पर जैन साहब गुण पड़ा है कोडरमा विधानसभा के दो–तीन सभा के लिए योगी जी आमंत्रित है।

# सुनहरे व सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण एवं मतदान जरूरी है

लोकतंत्र की आवाज




**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड।** स्वीप कार्यक्रम के तहत कम समय में एक साथ 1500 साल पौधे का पौधा रोपण एक कीर्तिमान स्थापित के रूप मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ₹आज बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान–सह–मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पालमो, बेरदोंगा, पहाड़पुर, सेनादोनी, बजटो, कुम्हरलालों और हरलाडीह पंचायत में किया गया। उ

क्त कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा कुम्हरलालों पंचायत के दिवानडीह में राजकीय वृक्ष ₹साल वृक्षारोपण कर के किया गया। इस दौरान सभी पौधों को ₹फोलो नामक ऐप पर ब्लॉकचेन तकनीक का प्रयोग कर के टैग किया गया, जिससे उन पौधों के विकास पर नज़र रखी जा सके। साथ ही स्वीप कार्यक्रम के दौरान एक साथ 1500 ₹साल₹ वृक्ष के वृक्षारोपण के इस प्रयास को एक कीर्तिमान के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि सुनहरे व सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण तथा लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए मतदान जरूरी है। इस दौरान सभी को मतदाता प्रतिज्ञा शपथ दिलाई गई।

इस दौरान सभी ने पौधारोपण के साथ–साथ मतदान करने का संकल्प लिया और लोकतंत्र के महापर्व में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कही। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि स्वीप एक्टिविटी के तहत 1500 से अधिक पौधारोपण करने की बात कहीं।

उन्होंने बताया कि नीति आयोग के तहत सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण किए गए तालाब में पौधारोपण का कार्य किया गया। जहां सभी ग्रामीण मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी सकारात्मक भागीदारी निभाई। इस दौरान उपायुक्त ने सभी से अनुरोध किया कि पर्यावरण संरक्षण से ही हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण के साथ एक बेहतर भविष्य प्रदान कर सकते हैं। मौके पर नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग, प्रखंड विकास पदाधिकारी, स्वीप कोषांग की पूरी टीम समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अपनी माटी को बचाने के लिए लड़ेंगे और जीतेंगे : बिहारी महतो

लोकतंत्र की आवाज



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा प्रखंड कमिटी के नेतृत्व में मांडू विधानसभा प्रत्यासी बिहारी महतो जी का तृतीय दिवस जन संपर्क अभियान भेलवारा लिलोरी बाबा से आशीर्वाद प्राप्त कर शुरुआत की गई। उपस्थित मुखिया लक्ष्मी कुमारी,सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं एवं माता बहनों ने तिलक ,चंदन ,आरती एवं फूल माला पहनाकर , ढोल नगाड़ों के साथ बिहारी महतो जी का भव्य स्वागत किया गया। बिहारी महतो समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा हर पंचायतों के गली मोहल्ले जाकर लोगों का आशीर्वाद लेकर समर्थन मांग रहे हैं। कई स्थानों में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की खछङट सुप्रीमों जयराम महतो के विचारधारा से अपार समर्थन मिल रहा है।झारखंड अलग राज्य 24 वर्ष होने चला है, फिर भी आज झारखंड के जनता की स्थिति हाल बेहाल है।

**झारखंड अलग राज्य करने में कई वीर शहीद हो गए:** जिस विचारधारा के साथ झारखंड अलग राज्य किया गया, उस विचारधारा के साथ कोई पार्टी रही नही । अलग राज्य होते ही सभी पार्टियों के नेताओं ने यहां की जनता को लूटने और ठगने का काम किया है। बहुत दुख होता है , झारखंड को लूटने के लिए 24 वर्षों में 13 मुख्यमंत्री बदले गए । झारखंड बदलाव की ओर अग्रसर है , झारखंड उत्थान के लिए खछङट सुप्रीमों टाइगर जयराम दादा के हाथों को मजबूत के लिए कैंची छाप में वोट करें । सभी जनता जनार्दन के आशिर्वाद से मांडू विधानसभा फतह हासिल जरुर करेंगे । सरकार में आते ही चुनावी वादों को पूरा करेंगे। जन संपर्क अभियान में केंद्रीय कमिटी ,जिला कमिटी,प्रखंड कमिटी ,पंचायत कमिटी के पदाधिकारी समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रतन पासवान के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने भाजपा छोड़, झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा

लोकतंत्र की आवाज



**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग ।** महागठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव, प्रखंड अध्यक्ष कुदुस अंसारी और पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को सदस्यता की शपथ दिलाई। सभी युवाओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव में विकास पुरुष जानकी प्रसाद यादव की जीत सुनिश्चित है। हम सभी युवा लोग जेएमएम सरकार की वापसी के लिए, झारखंड में दुबारा हेमंत सरकार बनाने के लिए झामुमो में शामिल हुए हैं।

जेएमएम की हेमंत सरकार ने गरीबों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं बिजली बिल माफी, दो सौ युनिट बिजली फ्री, केसीसी ऋण माफी, मंईयां सम्मान योजना जैसे कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है। जिससे हम गरीब परिवार समेत सभी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हम सभी झारखंड में एक बार फिर से हेमंत सरकार दुबारा बनाने के लिए झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव का चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप पर वोट देकर विजय बनाएंगे। हम सभी का एक ही नारा, हेमंत सरकार दुबारा।

मौके पर झामुमो की सदस्यता लेने वालों में शामिल होने में बरकनगांगो निवासी सुनील शर्मा, मुकेश ठाकुर, कैलाश कुमार ठाकुर, मनोज यादव, अशोक चौधरी, सुनिल कुमार, विजय यादव, प्रेम पासवान, सुनिल पासवान, सौरभ कुमार , विकास यादव, रामप्रवेश यादव, प्रदीप यादव, सुभाष यादव, पंकज यादव, अभिषेक यादव, दिलीप यादव, रविन्द्र यादव, संजय यादव, रोहित यादव, महावीर यादव समेत अन्य कई लोग शामिल थे।

# विधानसभा चुनावः सामान्य प्रेक्षक द्वारा विभिन्न कोषांग का किया गया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**
**साहेबगंज।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 01–राजमहल विधानसभा चुनाव 2024 के लिए प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, (आई.ए.एस.), ने आज स्ट्रॉन्ग रूम, मीडिया सेल, एमसीएमसी सेल, पोस्टल बैलट सेल और चुनाव नियंत्रण कक्ष का दौरा किया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ई.वी.एम.) का निरीक्षण एवं आगामी 20 नवंबर 2024 को होने वाली चुनाव की अन्य तैयारियों का भी जायजा लिया।

डॉ. प्रसन्ना ने मीडिया सेल एवं अन्य सेल के प्रभारी से संचालन के समय एवं प्रक्रियाओं के विषय में जानकारी ली। यह कदम निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के चुनाव आयोग के संकल्प को दर्शाता है। डॉ. प्रसन्ना ने चुनावी तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया और सभी अधिकारियों को उच्चतम मानकों का पालन बनाए रखने के लिऐ प्रेरिते किया।

# एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में बड़कागांव पहुंचे योगी आदित्यनाथ

लोकतंत्र की आवाज




- रोटी बेटी माटी की पुकार झारखंड में आ रही भाजपा सरकार
- एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में बडागांव की चुनावी सभा में पहूंचे

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड) ।** बढ़कगांव :उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हजारीबाग के बड़कागांव में विशाल जनसभा कों सम्बोधित करते हुवे लोगों से अपील किया कि हजारीबाग सें भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद व बडकागांव सें रौशनलाल चौधरी को कमल चिन्ह के निशान पर वोट कर विजयी बनायें। उन्होने कहा कि बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे।

बड़कागांव के रामनवमी विवाद पर कहा कि मैं राम की नगरी से आया हूं जब झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी निश्चय ही रामनवमी शोभा यात्रा निकाली जाएगी सांसद मनीष जायसवाल ने जन सभा में उपस्थित लोगों से कमल चिन्ह पर बटन दबाकर हजारीबाग सदर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद व बड़कागांव से भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी को भारी मतों से विजयी बनानें का अपील किया। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग के बड़कागांव में आयोजित विशाल जनसभा में सनातन धर्म के रक्षक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ जी का महाराज का सानिध्य और आशीर्वाद पाकर अभिभूत और गर्व महसूस कर रहा हूँ। श्री प्रसाद ने कहा कि ठगबंधन की सरकार झारखंडियों को ठगने का काम किया है। झारखंड सरकार युवाओं का भविष्य बर्बाद किया है।

उन्होने कहा कि महाराज जी के आशीर्वाद से हजारीबाग में जरूर कमल खिलेगा। अंतिम पायदान तक खडें लोगों कों सरकार के योजनाओं का लाभ मिलेगा मोदी जी की गारंटी है। इस विशाल जनसभा में हजारों की संख्या में महिला पूरुष के अलावे उनके चाहने वाले लोग मवजुद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वैना में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन



लोकतंत्र की आवाज़
घनश्याम तिवारी

बलिया । जिलाधिकारी के निर्देशानुसार ₹मिशन शक्ति₹ विशेष अभियान के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, वैना में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ पद्मावती गौतम ने नवजात बालिकाओं एवं माताओं के साथ केक काटा इसके साथ ही बेबी किट, डायपर, बेबी कपड़ा, बेबी कम्बल, मिष्ठान, सम्मान पत्र तथा माला पहनाकर सम्मानित किया गया। केंद्र प्रशासक प्रिया सिंह के द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन को विस्तार से बताया तथा वन स्टाप सेंटर व चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।18वर्ष से कम उम्र के बालक–बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने, अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी तथा उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090 की जानकारी भी प्रदान की गई। दहेज प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने ,बाल श्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार तथा वन स्टॉप सेंटर से नीलम शुक्ला, हर्षवर्धन, सविता, रंजना, आशा तथा आदि लोग उपस्थित रही ।

### संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 12 शिकायत दर्ज, मौके पर 2 शिकायतों का निस्तारण




लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट मुकेश सिंह

नगीना। तहसील समाधान दिवस में कुल 12 शिकायतें दर्ज हुई मौके पर कुल दो शिकायतों का ही समाधान किया गया। सोमवार को तहसील सभागार में तहसीलदार प्रभा सिंह की अध्यक्षता व नायब तहसीलदार अजब सिंह के संचालन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 12 शिकायतें दर्ज हुई मौके पर कुल 2 शिकायतों का ही निस्तारण किया जा सका इस अवसर पर एडिशनल एसपी ग्रामीण राम अर्ज, सीओ भरत सोनकर, बीडीओ मानवीर सिंह, नायब तहसीलदार राजकुमार सिंह, एसडीओ विधुत रामकेश सिंह, खंड शिक्षाधिकारी इंद्रजीत सिंह, एडीअं पंचायत सुरेंद्र सिंह, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सैना सहित तहसील स्तर के सभी अधिकारी व नगीना सर्किल के सभी थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### नगर आयुक्त द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण स्थलों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश जल्दी काम करने को





लोकतंत्र की आवाज़

गया। नगर निगम के द्वारा बनाए जा रहे सभी चौराहों एवं गोलंबर के सौंदर्यीकरण के कार्य की जांच कुमार अनुराग, नगर आयुक्त द्वारा रात्रि भ्रमण में की गई है। नगर निगम द्वारा कई मुख्य चौराहों पर सौंदर्यकरण का कार्य किया जा रहा है। इनमें से कुछ मुख्य चौराहे हैं प्त जयप्रकाश झरना, जेल अधीक्षक आवास के पास एपी कॉलोनी, राय काशीनाथ मोड़, मुफ्फसिल मोड़, सिकरिया मोड़ आदि।इन सभी चौराहों के सौंदर्यीकरण में धीमी गति को लेकर कुछ दिनों पहले संवेदक के साथ समीक्षा भी की थी। चौराहों की डिजाइन की गुणवत्ता एवं कार्य की गति संतोषजनक नहीं पाई गई है। उसके आलोक में आज रात रात्रि स्थल जांच सभी चौराहों की की गई है। स्थल जांच में डिजाइन से संबंधित बदलाव करने के निर्देश दिए गए ताकि चौराहे एवं उनके गोलंबर और भव्य एवं सुंदर दिख सके। और साथ हीं लाइटिंग एवं टाइल्स में बदलाव करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ में उपस्थित कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता को भी प्राक्कलन में बदलाव हेतु निदेश दिए गए हैं।

# बरहरवा पतना उधवा मिर्जा चौकी सहित अन्य जगहों पर सीबीआई और ईडी की ताबड़तोड़ कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

**बरहरवा।** साहिबगंज जिले में हुए लगभग 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में अब इसकी जांच सीबीआई शुरू कर दी है। इस सिलसिले मे मंगलवार के सुबह लगभग 9:35 में जिले के मिर्जाचौकी साहिबगंज उधवा बरहरवा पतना के विभिन्न पत्थर व्यवसाययों के घर, पत्थर खदान, एवं क्रशरों स्थित कार्यालय में एक साथ ईडी एवं सीबीआई की टीम की संयुक्त छापेमारी जारी है।

ज्ञात हो कि सीबीआई के डीएसपी कृष्ण कुमार सिंह को इस मामले का आईईओ बनाया गया है। झारखंड माइन्स एंड मिनरल्स एक्ट, आर्म्स एक्ट ,और एससी एसटी एक्ट से संबंधित धाराओं के केस में ।ी एवं सीबीआई की संयुक्त छापेमारी चल रही है। ज्ञात हो की उक्त सभी संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है ।इससे पहले ईडी उक्त सभी मामले की जांच कर रही थी। लेकिन सीबीआई ने अब इसे टेकओवर कर अपने जिममें में उक्त सभी केस को ले लिया है। साहिबगंज के प्रधान विजय हसदा द्वारा नींबू पहाड़ में हुए अवैध उत्खनन मामले में गवाह थे। लेकिन बाद में उन्होंने अपना बयान बदल दिया था ।इसके बाद सीबीआई ने केस को टेक ओवरकर लिया ।सीबीआई ने उक्त मामले में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा विष्णु यादव पवित्रम यादव राजेश यादव संजय यादव बच्चू यादव सुरेश मंडल के अलावे अन्य कई लोगों पर केस दर्ज किया था उक्त मामले में सीबीआई जांच कर रही है। वही सीबीआई की टीम कृष्णा शाह टिंकल भगत पतरुसिंह सुब्रतो पाल भगवान भगत व उधवा के प्यारपुर स्थित महताब आलम के आवास पर छापेमारी चल रही है।



साहिबगंज जिले के नींबू पहाड़ में हुए 1250 करोड़ के अवैध खनन मामलें में सीबीआई ने जांच शुरू कर दी है। मंगलवार को सीबीआई की टीम जिले के मिर्जाचौकी पहुंची और भगवान भगत और महताब नाम के व्यक्ति के घर में तलाशी कर रही है। सीबीआई के डीएसपी कृष्ण कुमार सिंह को इस मामले का आईओ बनाया गया है। झारखंड माइंस एंड मिनरल्स एक्ट, आर्म्स एक्ट और एसटी–एससी एक्ट की संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

इससे पहले ईडी इस मामले की जांच कर रही थी। लेकिन सीबीआई ने अब इसे टेकओवर कर लिया है। साहिबगंज के प्रधान विजय हांसदा इस मामले में गवाह थे। लेकिन बाद में उन्होंने अपना बयान बदल दिया था। इसके बाद सीबीआई ने केस को टेकओवर कर लिया। सीबीआई ने पंकज मिश्रा, विष्णु कुमार यादव, पवितर कुमार यादव, राजेश यादव, संजय कुमार यादव, बच्चू यादव, संजय यादव, सुवेश मंडल समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सीबीआई सभी के खिलाफ जांच कर रही है।

## जिला स्तरीय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय, बलिया द्वारा जिला स्तरीय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 05 नवम्बर, को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम, बलिया में किया गया। जिसका उद्घाटन कपिल देव राम, उप निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र बलिया द्वारा कुश्ती बाउट को हाथ मिला कर किया गया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि को जवाहर लाल यादव, क्रीड़ाधिकारी, बलिया द्वारा बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। 52 पलवानों ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की कामना के साथ मेहनत और लग्न के साथ दृणसंकल्प होकर खेल के क्षेत्र में जनपद, प्रदेष व देष का नाम रौषन करने हेतु आषिर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर अजय प्रताप साहू, उप क्रीड़ा अधिकारी, अजय राज सिंह, सच्चितानन्द राय, धमेन्द्र पाण्डेय, रोहित भारद्वाज, आदि उपस्थित रहे। जिसमें 53 कि0 भार वर्ग में प्रथम शनि कुमार, द्वितीय राज सिंह तृतीय रवि वर्मा, 57 कि0 भार वर्ग में प्रथम चन्दन यादव, द्वितीय गोलू गुप्ता तृतीय कृष्ण कुमार ठाकुर, 61 कि0 भार वर्ग में प्रथम अमरेन्द्र सिंह, द्वितीय आनन्द यादव तृतीय साहिल कुमार यादव 65 कि0 भार वर्ग में प्रथम दीपक सिंह, द्वितीय विष्वजीत सिंह तृतीय दीपक कुमार यादव 70 कि0 भार वर्ग में प्रथम अब्दुल आजाद, द्वितीय नवीन कुमार यादव तृतीय लव कुष गुप्ता, 74 कि0 भार वर्ग में प्रथम आकाश कुमार, द्वितीय सुरज चौरसिया तृतीय बब्ली यादव, 79 कि0 भार वर्ग में प्रथम जय प्रकाश यादव, द्वितीय अष्वनी सिंह तृतीय दीपक यादव, 86 कि0 भार वर्ग में प्रथम विनित कुमार चौहान, द्वितीय विजेन्द्र कुमार यादव तृतीय अमित यादव, स्थान पर रहे। निर्णायक सुधीर कुमार सिंह, अरविन्द गुप्ता, धनन्जय मौर्य, मो0 उजेर आदि रहे संचालन मो0 जावेद अख्तर ने एवं क्रीड़ा अधिकारी जवाहर लाल यादव ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

## धामपुर रोड पर गोयल पब्लिक स्कूल के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर से तीन व्यक्ति हुए घायल

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट रोहित कुमार

**नगीना।** रविवार की रात लगभग 10:30 बजे धामपुर रोड स्थित गोयल पब्लिक स्कूल के पास बने पैराडाइज मैरिज हॉल के बाहर दो बाइक आपस में भिड़ने के कारण हुए एक्सीडेंट से तीन लोग घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धामपुर रोड स्थित पैराडाइज मैरिज हॉल के पास अकबराबाद चौक स्थित गनी होटल पर काम करने वाला युवक मुअफजल (24) पुत्र निहाल अहमद होटल से काम खत्म करके अपने घर बिश्नोई सराय जा रहा था तभी कृष्णा मैरिज हाल से शादी समारोह में शिरकत करके वापस लौट रही दंपत्ति कलालान निवासी और बड़ी सब्जी मंडी स्थित प्रसिद्ध शफीक बेकरी वाले रईस अहमद अपनी पत्नी शबाना परवीन के साथ विपरीत दिशा से अपनी बाइक से आ रहे थे। दोनों की बाईकों के आपस में टकरा जाने के कारण बाइक सवार दंपत्ति और अन्य बाइक सवार अफजल घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। थोड़ी देर बाद ही दोनों पक्षों के परिजन अस्पताल पहुंच गए। इस एक्सीडेंट की खबर नगर में जंगल की आग की तरह फैल गई और नगर के कई समाज सेवक और नगर पालिका के वार्ड मेंबर गोपाल राय, उस्मान जैदी, बदर मुनीम, परवेज पाशी आदि भी सीएचसी पहुंच गए और घायलों का हाल जाना। उधर चिकित्सक डॉ आशीष अहलावत ने प्राथमिक उपचार के बाद शबाना परवीन और मु अफजल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं परिवहन मंत्री के अनुज धर्मेन्द्र सिंह ने कृषि विभाग द्वारा ऑफिसर्स क्लब में आयोजित एक दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला/प्रदर्शनी तथा उ0प्र0 मिलेट्स रेसिपी विकास उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया तथा सर्वाधिक मिलेट्स का उत्पादन करने वाले किसानों को सम्मानित किया।



जिलाधिकारी ने कृषि विभाग द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन तथा रेसिपी प्रतियोगिता के तहत लगाए गए स्टालों का अवलोकन करते हुए उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मिलेटस अर्थात मोटा अनाज (श्रीअन्न) हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक एवं पोषण से भरपूर हैं। हम सब लोगों ने गेहूं की फसल के कारण मोटे अनाज को उपेक्षित कर दिया था। केंद्र सरकार ने मोटे अनाजों के उत्पादन पर विशेष बल दिया है। अब किसान श्रीअन्न (मोटे अनाज) के उत्पादन पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले गेहूं महंगा मिलता था, मोटा अनाज सस्ता रहता था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है ,मोटा अनाज महंगा है तथा गेहूं सस्ता है।

उन्होंने किसानों से कहा कि अगर आप मोटे अनाज का उत्पादन करते हैं तो आप लोगों को काफी अच्छा मुनाफा होगा। आप लोग कृषि विभाग के अधिकारियों के संपर्क में रहे। सरकार की पहल पर क्रय केंद्र के माध्यम से किसानों से मोटे अनाज का क्रय किया जा रहा। उन्होंने जनपद के किसानों से अपील करते हुए कहा कि अधिकाधिक श्रीअन्न (मोटे अनाज) का उत्पादन करें।

## बिजनौर नगीना ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक मौत, अबतक नहीं हुई शिनाख्त

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

**नगीना।** रेलवे के कालाखेड़ी वाले फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर हादसा रविवार की रात लगभग 9 बजे कालाखेड़ी फटक के पास रेलवे ट्रैक पर धामपुर की ओर से आ रही ट्रेन से टकराने के कारण एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। युवक रात के समय बंद फाटक पार करके पटरिया पार कर रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मृतक की ट्रेन से टकराने पर चेहरे व सिर में चोट आने से मौत हो गई।



घटना की जानकारी लगने के बाद रेलवे और थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में ले लिया जिसके बाद पुलिस मृतक की शिनाख्त में जुटी हुई है। मृतक ने डिवाइन टच लिखी काले रंग की लोअर पहनी हुई है। और ऊपर हल्के नीले रंग की चेक की कमीज पहनी है। मृतक के हाथ दाहिने हाथ में एक लोहे का कड़ा है जिस पर जय महाकाल लिखा हुआ है। दाहिने हाथ पर पंजाबी ओम लिखा हुआ है। चेहरे पर छोटी काले रंग की दाढ़ी है। मृतक की उम्र 30 साल के आसपास बताई जा रही है। यह हादसा है या आत्महत्या इसका पता तो पहचान होने के बाद ही लग पायेगा। मृतक की एक्सीडेंट की खबर फैलते ही मौके पर भीड़ इकट्ठा होनी शुरू हो गई और कुछ लोगो द्वारा मृतक की शिनाख्त राजन पुत्र राजू मुठरेजा निवासी सय्यद बाड़ा माता के मंदिर के पास के रूप में की जा रही थी जिसकी समाचार भेजे जाने तक पुष्टि नहीं हो पाई थी।

## सीडीओ ने किया सात कार्यालयों का निरीक्षण, गैरहाजिर मिले 28 कर्मी

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने सात कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित मिले कुल 28 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन मानदेय काटने का निर्देश दिया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड का निरीक्षण किया तो वहां प्रधान सहायक योगेंद्र नाथ राम, वरिष्ठ सहायक अमरनाथ, सुभाष राम, भूपेंद्र कुमार सिंह, रवि कुमार चौधरी, मुकेश कुमार यादव, अंकित कुमार गहलोत, विनोद कुमार चौहान, धीरज कुमार यादव, कनिष्ठ सहायक अनुज सिंह, विनय कुमार अनुपस्थित पाए गए। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित जिला सर्विलांस कार्यालय में गए तो वहां भैया आनंद सिंह, डॉ जियाउल हुदा ,नागेंद्र प्रसाद गैरहाजिर मिले। वहीं मलेरिया यूनिट में वरुण कुमार राय, रागिनी, ताज मुहम्मद, छोटेलाल प्रसाद व सुजीत कुमार प्रभाकर अनुपस्थित मिले।



सीडीओ ने उपायुक्त, स्वत रोजगार कार्यालय का भी निरीक्षण किया। वहां कनिष्ठ सहायक योगेश कुमार, लेखाकार अश्वनी उपाध्याय व सुनील दत्त तिवारी अनुपस्थित मिले। उपयुक्त श्रम रोजगार कार्यालय में लेखा सहायक अब्दुल्ला अहमद, सफाई कर्मी राजेश यादव, एपीओ मनीष चौधरी गैरहाजिर मिले। मुख्य विकास अधिकारी जब समाज कल्याण विभाग में गए तो वहां भी सुपरवाइजर विनोद कुमार यादव तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जय सिंह यादव अनुपस्थित पाए गए। जिला विकास अधिकारी के सोशल ऑडिट प्रभाग में अवधेश चौरसिया गैर हाजिर मिले। मुख्य विकास अधिकारी ने इन सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन मानदेय काटने का निर्देश दिया है।

## उपायुक्त हेमंत सती ने छठ घाटों निरीक्षण किया

**छठ पूजा को लेकर नगर परिषद प्रशासन द्वारा सभी गंगा घाटों की सफाई युद्ध स्तर पर कराई जा रही है**

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

**साहेबगंज।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त हेमंत सती ने पदाधिकारियों के साथ स्पीड बोट के माध्यम से सभी गंगा घाटों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कहा कि आगामी 7 एवं 8 नवंबर को छठ महापर्व निर्धारित है, छठ पूजा आरंभ होने के प्रथम दिन यानी कद्दू भात के एक दिन से ही श्रद्धालुओं द्वारा गंगा स्नान का सिलसिला आरंभ हो जाता है।





इस परिपेक्ष्य उपायुक्त के द्वारा शकुंतला घाट, बिजली घाट, ओझा टोली घाट, जनता घाट, छठ घाट, एवं चानन घाट का निरीक्षण किया गया। इसको लेकर नगर परिषद प्रशासन द्वारा सभी गंगा घाटों पर सफाई एवं मिट्टी हटाने तथा बैराकेटिंग लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने सभी घाटों पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। छठ पूजा के अवसर पर सभी घाटों पर रोशनी की भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा खतरनाक गंगा घाटों को भी चिन्हित करने तथा गंगा के उचित जल स्तर के बीच श्रद्धालुओं को रहने के लिए बैरिकेडिंग करने का भी निर्देश दिया गया है। बड़े नावों, गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

छठ व्रतियों एवं अन्य श्रद्धालुओं के लिए अतिरिक्त अस्थाई चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था का निर्देश दिया गया है। श्रद्धालुओं को सभी समुचित सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। निरीक्षण के क्रम में अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, नगर प्रशासक अभिषेक कुमार सिंह उपस्थित थे।

## बिजनौर पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट नीतीश कुमार

**बिजनौर।** बिजनौर के थाना मंडावर क्षेत्र के ग्राम पदमपुर मंगलवार की सुबह एक पेड़ को काटने को लेकर चचेरे तहरे भाइयों में मारपीट हो गई देवदत्त ने एक पेड़ कटवाया था जिससे बाबूराम उसे पेड़ को अपना बताने लगा जिसमें बाबूराम के र चारों पुत्र आ गए और गाली गलौज करने लगे और यह सुनकर देवदत्त के भी पुत्र आ गए दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई और दोनों पक्ष के तीन लोग घायल हो गए सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची डायल 112 पुलिस में मंडावर पुलिस ने घायलो को 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल में भर्ती कराया और बामुश्किल दोनों पक्षों को शांत कराया

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।